4 रायपुर संभाग
सत्तापक्ष का नेतृत्व नही मिल पाना भाटापारा के विकास मे सबसे...

6 अभिमत
हा, मैने छुपाई थी अपनी शादी और दो बच्चियों की...

09 विविध
विश्व एड्स दिवस सप्ताहः एक से सात दिसम्बर तक आयोजित हो...

10 संस्कारधानी
कांग्रेस की शिकस्त में दिग्गज अपना घर भी न बचा सके...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 05 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-103 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने दिया इस्तीफा



**रायपुर।** सरकार बदलने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने इस्तीफा दे दिया है। शुक्ला के पास कई विभागों और बोर्डों की जिम्मेदारी थी। वे व्यापम और माध्यमिक शिक्षा मंडल के चेयरमैन थे। वहीं रोजगार मिशन के डायरेक्टर भी। उनके पास कौशल विकास के सचिव का भी प्रभार था। आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुक्ला की ही योजना थी। 1986 बैच के आईएएस शुक्ला को रिटायरमेंट के बाद भूपेश बघेल सरकार ने 2020 में तीन साल की सेवावृद्धि दी थी। इसी साल मई में तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें एक साल का एक्सटेंशन और दिया गया था।

### वादों को पहली कैबिनेट से ही लागू करना प्राथमिकता : रमन सिंह

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी में सरकार बनाने की कवायद शुरु हो गई है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में भाजपा की बड़ी जीत के बाद डॉ. रमन सिंह ने कहा अब चुनाव के दौरान जनता के साथ किए गए वादों को पूरा करने की चुनौती को पूरा करना है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इस नई सरकार में हमारे लिए पहली चुनौती अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को पहली कैबिनेट से ही लागू करना होगा। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई गारंटी और हमारी पार्टी द्वारा किए गए वादों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### ओपी गुप्ता रेप मामले में अदालत से बरी



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के निज सहायक रहे ओ.पी.गुप्ता को एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में अदालत ने बरी कर दिया है। उन पर 2015 से 2019 तक एक नाबालिग लड़की से बलात्कार का आरोप लगा था, उन्हें गिरफ्तार करके मुकदमा चलाया गया था। अब रायपुर के पॉक्सो कोर्ट ने ओ.पी. गुप्ता को इस मामले में बेकसूर ठहराने का फैसला दिया है।

# मुख्यमंत्री की रेस में डॉ. रमन सिंह सबसे आगे, विष्णुदेव साय, अरुण साव, ओपी चौधरी समेत अन्य की भी चर्चा

## संतुलन बनाने दो डिप्टी सीएम पर भी विचार



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में पाँच साल बाद भाजपा ने फिर शानदार वापसी की है। राज्य भाजपा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में रमन सिंह आज भी सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में फिर उभरकर सामने आये हैं। इस बार भी 54 सीटों में रमन समर्थकों का बोलबाला है। तमाम बड़े नेता रमन समर्थक रहे हैं चाहे वह अमर अग्रवाल हों, राजेश मूणत, ओपी चौधरी, विष्णुदेव साय, धरमलाल कौशिक, भैयालाल रजवाड़े, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी, इन सीनियर नेताओं के साथ ही नये विधायको में भी रमन समर्थकों की ही बहुतायत है। रमन सिंह ने केशकाल से नीलकंठ टेकाम, जगदलपुर से किरणदेव, बसना से संपत अग्रवाल, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा, ग्रामीण से मोतीलाल साहू समेत कइयों को टिकट दिलाने में सफलता हासिल की। यह नेता चुनाव जीतकर भी आये हैं। इसके अलावा भी ऐसे कई नाम है जिनकी पसंद रमन ही हैं। वर्तमान हालातों को देखते हुए एक बार फिर रमन सिंह मुख्यमन्त्री की रेस में सबसे आगे हैं।

### अरुण साव भी प्रबल दावेदार



प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते अरुण साव भी मुख्यमंत्री की रेस में हैं। सांसद रहते अरुण साव प्रधानमंत्री मोदी को खूब भाये, शायद यही कारण है की उन्हें विधानसभा चुनाव के ठीक छः माह पहले राज्य भाजपा की कमान सौपी गई। कहा जा रहा है कि साव का राज्य की राजनीति में अनुभव कम होने और समर्थकों की कमी की वजह से वह मुख्यमंत्री पद की रेस में फिलहाल दूसरे स्थान में हैं। हालाकि इस चुनाव को जीतने में मोदी मैजिक भी प्रमुख कारण है। इस लिए कुछ कहा नहीं जा सकता कब साव नंबर एक में आ जायें।

## सरोज पांडेय, लता उसेंडी, रेणुका सिंह, विष्णुदेव, ओपी चौधरी, नेताम भी दौड़ में



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी भी सीएम और डिप्टी सीएम की रेस में हैं। लता उसेंडी महिला के साथ ही ट्राइबल कोटे से हैं, ऐसे में बस्तर कोटे से उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह भी बड़ी दावेदार है। यह माना जा रहा है कि अपनी सीट ही नहीं पूरे सरगुजा में कांग्रेस का सफाया करने के पीछे रेणुका की महत्वपूर्ण भूमिका है। रामविचार नेताम, विष्णुदेव साय और ओपी चौधरी भी इस रेस में हैं शामिल है। ऐसे में दो डिप्टी सीएम का फार्मूला भी भाजपा राज्य में ला सकती है। फिलहाल मुख्यमंत्री कौन होगा इसका खुलासा निकट भविष्य में होने जा रहा है।

## बृजमोहन रिकार्ड मत से जीते, पर खेमा हुआ कमजोर







सात बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार भी परचम लहराया है। बृजमोहन ने इस बार जीत के अपने पूरे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये। निश्चित ही बृजमोहन अग्रवाल को एक बार भाजपा फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। लेकिन इस चुनाव परिणाम में बृजमोहन भले जीते, पर उनका खेमा कमजोर हो गया। दरअसल में बृजमोहन खेमे से प्रेम प्रकाश पाण्डे, शिवरतन शर्मा समेत अन्य चुनाव हार गये, सिर्फ अजय चंद्राकर चुनाव जीत सके। ऐसे में भाजपा बृजमोहन को क्या जिम्मेदारी सौंपती है यह तो निकट भविष्य में ही पता लग सकेगा।

## ओम माथुर चार्टर प्लेन से दिल्ली रवाना



भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ और कुछ चुनिंदा निर्वाचित विधायकों के साथ मुख्यमंत्री और मंत्री पद को लेकर मंथन करने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मांडवीया, प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश माथुर और प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन प्लेन से रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

## विजय बघेल को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी



दुर्ग सांसद विजय बघेल परिणाम की परवाह किए बिना सीएम भूपेश बघेल के सामने जिस दमदारी सें चुनाव लड़े है, वह तारीफें काबिल है। मुख्यमंत्री के सामने प्रत्याशी होना और भूपेश बघेल को टक्कर देना आपने आप में चुनाव जीतने के समान है। ऐसे में भाजपा विजय बघेल के साथ न्याय जरूर करेगी। इसके पीछे एक तर्क यह भी है की विजय बघेल को मजबूत करने से भूपेश स्वयं ही कमजोर हो जाएँगे।

## विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक


पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सोनिया गांधी ने बैठक बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में तीन राज्यों में खराब प्रदर्शन को लेकर मंथन किया जाएगा। इसके अलावा तेलंगाना में सीएम चुनने को लेकर भी विचार हो सकता है। पार्टी को मध्य प्रदेश में फिर सत्ता से बाहर ही रहना पड़ा है। इसके अलावा राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसकी सरकारें बेदखल हो गई हैं। कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि इस मीटिंग में सोनिया गांधी उन नेताओं से बात करेंगी, जिन्हें चुनावी राज्यों में जिम्मा सौंपा गया था। इसके अलावा वह इंडिया गठबंधन की मीटिंग को लेकर भी चर्चा कर सकती हैं। 6 दिसंबर को ही कांग्रेस ने गठबंधन की मीटिंग बुलाई है। ऐसे में सोनिया गांधी की ओर से बुलाई गई बैठक अहम है। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच गहमा-गहमी चल रही थी। ऐसे में हार को लेकर दोनों गुट एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ सकते हैं।

## सिंहदेव बोले पार्टी को यह चिंतन करना पड़ेगा कि सारे सर्वे भी फेल हुए और हम भी नहीं भांप पाए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अंबिकापुर से विधानसभा चुनाव हारने के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव ने कहा पार्टी को यह चिंतन करना पड़ेगा कि सारे सर्वे भी फेल हुए और हम भी नहीं भांप पाए, हमें लग रहा था कि कांग्रेस की सरकार जरूर बनेगी। काम भी किया तभी हमें कुछ वोट मिले और क्या नहीं किया जिस कारण से वोट नहीं मिले। इस बार कांग्रेस का वोट प्रतिशत उतना ही रहा लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की ऐसी जीत होगी इसकी हमें उम्मीद नहीं थी, राजस्थान में हर 5 वर्ष में सरकार बदलती है, तेलंगाना संतोष का विषय रहा। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने की पूरी बात थी, नुकसान छत्तीसगढ़ में हुआ है। मैं विधायक नहीं रहूंगा लेकिन जनता जब मुझे जहां चाहेगी मैं उनके लिए उपलब्ध रहूंगा।




### देश मैरीटाइम विजन के तहत अपने सागरों के पूरे सामर्थ्य का इस्तेमाल करने की ओर बढ रहा

# भारत बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है : मोदी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हा कि भारत बड़े लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए पूरी शक्ति लगा रहा है। मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में आयोजित समारोह में कहा कि भारत बड़े लक्ष्य तय कर रहा है और इन्हें पाने के लिए पूरी ताकत भी लगा रहा है। उन्होंने कहा, भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक बड़ी ताकत है। ये ताकत 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास की है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास विजय, शौर्य, ज्ञान और विज्ञान, कला और सृजन कौशल और समुद्री सामर्थ्य का इतिहास है। दुनिया भर में भारत की 'विश्व मित्र' की उभरती छवि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया को भारत में विश्व मित्र का उदय होता दिख रहा है। आज स्पेस हो या फिर समंदर हर जगह दुनिया को भारत का सामर्थ्य दिख रहा है। देश के रक्षा क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, मेड इन इंडिया की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। तेजस विमान हो या किसान ड्रोन, यूपीआई सिस्टम हो या फिर चंद्रयान 3 , हर जगह, हर सेक्टर में मेड इन इंडिया की धूम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सागरमाला के तहत बंदरगाह आधारित विकास में जुटा है। देश 'मैरीटाइम विजन के तहत अपने सागरों के पूरे सामर्थ्य का इस्तेमाल करने की ओर बढ रहा है। सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढाने के प्रति सरकार की वचनबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, हम सशस्त्र बलों में नारी शक्ति की संख्या बढाने पर भी जोर दे रहे हैं। मैं नौसेना को बधाई दूंगा कि आपने युद्धपोत में देश की पहली महिला कमांडिंग अफसर की तैनाती की है। मोदी ने कहा कि छत्रपति वीर शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेते हुए भारत, गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नौसेना अपने रैंक का नामकरण भी अब भारतीय परंपराओं के अनुरूप करने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर छत्रपति शिवाजी महाराज भी नौसेना की ताकत को पहचानते थे और उन्हें पता था कि किसी भी देश के लिए समुद्री सामर्थ्य कितना जरूरी होता है। मोदी ने इस मौके पर राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने तारकरली समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग से नौसेना के युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों की संचालन संबंधी क्षमता का प्रदर्शन भी देखा।

## विपक्ष संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनाएं : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष का आह्वान किया कि वे संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनायें और नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आये और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनता की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग करें। मोदी ने यहां संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को दिये अपने वक्तव्य में चार राज्यों के चुनावी परिणामों को नकारात्मकता के विरुद्ध जनादेश बताते हुए कहा, कल ही चार राज्यों के चुनाव नतीजे आए हैं। बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम आए हैं। ये उनके लिए उत्साहवर्धक हैं, जो देश के सामान्य मानवी के कल्याण के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब। ये चार ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है।














**रायपुर।** श्रीबालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमेन डॉ. देवेंद्र नायक ने अपने जन्म दिन के अवसर पर मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्रों के साथ केक काटकर खुशियाँ साझा की। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, डायरेक्टर नितिन पटेल, डॉ. बीरेन्द्र पटेल, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. माणिक चटर्जी, हॉस्पिटल के सीईओ हिमांशु साहू, पायनियर के प्रकाशक भोजराम पटेल, संपादक ए एन द्विवेदी, डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ छाबड़ा, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. भोई समेत मेडिकल कॉलेज के अध्यापकगण और काफी संख्या में नर्सिंग स्टाफ के साथ अन्य लोग मौजूद रहे ।





## जीत की खुशी में बृजमोहन को लड्डुओं से तौला गया



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण से रिकॉर्ड मतों से आठवीं बार जीतने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल को बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। रायपुर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ से हजारों लोगों उनको बधाई देने पहुंचे। इन बधाई देने वालों में आम से लेकर खास तक सभी लोग शामिल थे। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा ब्रह्मकुमारी, सिख समाज, सिंधी समाज, उत्कल समाज, मुस्लिम समेत विभिन्न समाज, संगठन के लोगों के साथ ही नर्सिंग और दूसरे कॉलेज के छात्र भी अपनी प्यारे बृजमोहन भईया को बधाई देने पहुंचे।

## भईया लाल राजवाड़े को 25 हजार मतों से मिली जीत

पायनियर संवाददाता ∢ कोरिया
www.dailypioneer.com

17 नवम्बर को हुए मतदान के बाद पूरे जिले में रिजल्ट को लेकर बेसब्री से इंतजार में आम से लेकर खास तक टकटकी नजर लगाए हुए थे। 3 दिसम्बर को परिणाम आया और शुरू से बढ़त बनाए हुए भाजपा प्रत्याशी भैया लाल राजवाड़े को कुल 66 हजार 866 मत मिले और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव से 25 हजार 413 मतों से जीत हासिल की। बैकुंठपुर विधानसभा में 8 प्रत्याशी चुनाव में भाग्य आजमाए थे। कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव को कुल मत 41 हजार 453 मिले। जबकि आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ आकाश कुमार को 1 हजार 872 मत मिले तो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) दुर्गेश साहू को 472 मत मिले। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी मेजर प्रसाद यादव को 1 हजार 426 मत प्राप्त हुआ। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सोमार साय को 746 मत मिले, वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर संजय सिंह कमरो को 23 हजार 288 मत मिले, तो निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन साहू को 649 मत प्राप्त हुए तो नोटा पर 1 हजार 934 मतदाताओं ने बटन दबाया। इस तरह ईवीएम व पोस्टल बैलेट से 1 लाख 38 हजार 706 मतदाताओं ने मतदान किए थे। रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर में मतगणना सुबह निर्धारित समय 8 बजे प्रारम्भ हुआ था। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए थे। 17 राउंड में हुए मतगणना में शुरू से भइया लाल राजवाड़े बढ़त बनाए हुए थे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विजयी प्रत्याशी भइया लाल राजवाड़े को जीत की बधाई दिए। इसके पहले आरओ अंकिता सोम ने जीत हासिल किए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भइया लाल राजवाड़े को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।



## आरडीए डायरेक्टर राजेन्द्र बंजारे ने अपने पद से दिया इस्तीफा




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की शिकस्त के बाद निगम, मंडल, प्राधिकरणों के पदाधिकारियों के इस्तीफे भी शुरू हो गए हैं। इसकी शुरूआत आरडीए से हुई है। आरडीए डायरेक्टर राजेन्द्र बंजारे ने अपने पद से दिया इस्तीफा। अध्यक्ष समेत पांच संचालक हैं। इनमें सुभाष धुप्पड़ अध्यक्ष, सूर्यमणि मिश्रा, शिव सिंह ठाकुर, ममता राय समेत छह अन्य शामिल है। बंजारे ने अपना इस्तीफा सीईओ को भेजा है।

## सारे वादे करेंगे पूरे, जनता के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ को संवारेंगे : अमर अग्रवाल

**रायपुर।** बिलासपुर से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार प्रदेश कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा, हमने एक नारा बनाया था, हमने सवांरा है हम ही बनाएंगे। जनता ने हम पर विश्वास किया है। मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ मिलकर प्रदेश को संवारने का काम करेगी। अग्रवाल ने कहा, शुरू से अगर आप देखेंगे छत्तीसगढ़ में 15 साल की भारतीय जनता पार्टी ने विकास किया है। भारतीय जनता पार्टी को फिर से जनता ने पसंद किया है। 15 साल का हमारा जो कार्यकाल था वह हम देखेंगे तो जनता ने पूर्ण अध्ययन किया है। हमने वादे बहुत सोच समझकर किए हैं। सारे वादे को पूरा करेंगे और उन वादों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को ऊपर उठाएंगे।

## मरवाही में 23 साल बाद खिला कमल




पायनियर संवाददाता ∢ पेंड्रा
www.dailypioneer.com

मरवाही विधानसभा क्षेत्र में 23 साल भाजपा भाजपा ने जीत दर्ज की है। लहर का असर या फिर भाजपा की उस सोची समझी रणनीति का असर जिसमें प्रथम चरण के उम्मीदवारों की घोषणा में मरवाही को भी शामिल किया था। इस जीत का असर ये की मरवाही में भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह रिचार्ज हो गए हैं। मरवाही विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची 11102 मतों से जीत दर्ज कर 23 साल बाद भाजपा का कमल मरवाही में खिलाया है। प्रणव मरपच्ची मतगणना के पहले चक्र से 18 वे चक्र तक अपनी बढ़त बनाये रखी। राजनीतिक विश्लेषण को एवं पूर्वानुमान को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में जहां भाजपा ने जीत हासिल की है तो मरवाही में 23 साल बाद भाजपा ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए प्रणव मरपच्ची ने जीत दर्ज की है। प्रणव ने अपनी जीत का श्रेय मरवाही की जनता को दिया है। विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा है कि वे एक फौजी हैं। फौजी के अनुशासन के अनुसार मरवाही में सुशासन का निर्माण होगा। यहां विकास की अनेक संभावनाएं हैं उन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जाएगा, भाजपा अपने मोटो पर काम कर रही थी, छत्तीसगढ़ बनाया है, हम ही सवारेंगे।

## पहली बार 18 महिलाओं ने जीता विधानसभा चुनाव, सरगुजा संभाग से 6 महिला विधायक

### भाजपा से आठ और कांग्रेस से 10 महिलाएं एक साथ लेंगी शपथ




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के विधानसभा में पहली बार एक साथ निर्वाचित होकर 18 महिलाएं सदन में पहुंचेगी। प्रदेश के सरगुजा संभाग से सबसे अधिक छह महिलाएं विधायक चुनी गई हैं। पिछली बार 2018 के चुनाव में 13 महिलाएं सदन पहुंचीं थी। इसके बाद उपचुनाव से तीन अन्य महिलाएं भी जीती थीं। इस बार एक ही झटके में भाजपा से 8 और कांग्रेस से 10 महिलाएं एक साथ शपथ लेंगी। गौरतलब है कि इस बार भाजपा ने 15 और कांग्रेस ने 18 महिलाओं को टिकट दिया था।

### महिला विजेताओं की लिस्ट

भरतपुर-सोनहत- रेणुका सिंह (भाजपा)
सामरी- उद्धेश्वरी पैकरा (भाजपा)
जशपुर- रायमुनि भगत (भाजपा)
पत्थलगांव- गोमती साय (भाजपा)
कोंडागांव- लता उसेंडी (भाजपा)
भटगांव- लक्ष्मी राजवाड़े (भाजपा)
प्रतापपुर- शकुंतला सिंह पोर्ते (भाजपा)
पंडरिया- भावना बोहरा (भाजपा)
सिहावा- अंबिका मरकाम (कांग्रेस)
सारंगढ़- उत्तरी जांगड़े (कांग्रेस)
सरायपाली- चतुरी नंद (कांग्रेस)
बिलाईगढ़- कविता प्राण लहरे (कांग्रेस)
लैलूंगा- विद्यावती सिदार (कांग्रेस)
बालोद- संगीता सिन्हा (कांग्रेस)
डौंडीलोहारा- अनिला भेंडिया (कांग्रेस)
भानुप्रतापपुर- सावित्री मंडावी (कांग्रेस)
खैरागढ़- यशोदा वर्मा (कांग्रेस)
डोंगरगढ़- हर्षिता बघेल (कांग्रेस)
पामगढ़- शेषराज हरवंश (कांग्रेस)

## मंत्रियों के ओएसडी रहे अफसरों की मूल विभाग में हुई वापसी

**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल ने बीते शाम राजभवन में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री के निज सचिव और ओएसडी को उनके मूल विभाग में पदस्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही उनके निज सचिव और ओएसडी के पद पर पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी सूची में सीएम और मंत्रियों के ओएसडी के नाम शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार सीएम भूपेश बघेल के ओएसडी के रूप में 6 अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी। इसमें दो अधिकारी राज्य प्रशासनिक सेवा, 1 अतिरिक्त मुख्य ग्रंथापाल, 1 आरआर कनिष्ठ श्रेणी और 2 सहायक ग्रेड 3 हैं। इसमें से सूरज कश्यप, उमेश पटेल, चिन्मय वर्मा को विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी यानि ओएसडी की जिम्मेदारी दी गई थी, वहीं सहायक ग्रेड 3 सुनील चतुर्वेदी और कैलाश ठाकुर को निज सचिव की जिम्मेदारी दी गई थी।



# विधायक लखेश्वर बघेल के निवास स्थल पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

निवास स्थल पर लगातार बधाई का ताँता लगा हुआ हैं ग्रामीण क्षेत्र से महिलाएं, माता बहनें, समाज प्रमुखगण बधाई देते हुए। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज अपने ग्रह निवास गिरोला पहुंचकर माता हिंगलजिन की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की एक बार फिर मुझे बस्तर क्षेत्र के मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया है समस्त क्षेत्र वासियों को सादर प्रणाम आभार ये जीत बस्तर विधानसभा की जनता और कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूँ आपके समर्थन और सहयोग का हार्दिक आभार आप सबके सहयोग से बस्तर में विकास की गति लगातार जारी रहेगी।ग्रह ग्राम में जगह-जगह युवा -समाज प्रमुखगण माता बहनें एवं वरिष्ठगण बधाई एवं शुभकामनायें दिया। बस्तर की समस्त जनता का आभार। इस दौरान



मौजूद रहें गणेश बघेल,जगमोहन बघेल, सुखदई बघेल, आशीष मिश्रा, गोपाल कश्यप, सोनाधार,मानसिंह क़वासी, हेमराज बघेल, सत्येंद्र गागड़ा,दिपक पांडे, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर,जोगेंद्र, विमल बिसाई,गणेश, राजेश कुमार, पूरन कश्यप,मोना पाड़ी, रूद्रप्रताप यादव,रामचंद्र नाग, लोकनाथ बघेल, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।



# नारायणपुर विधानसभा प्रत्याशी केदार कश्यप को रिटर्निंग ऑफिसर ने सौंपा विजयी प्रमाण पत्र




पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु 3 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य के सभीं विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किए गए। जिसमें नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-84 में प्रत्याशी केदार कश्यप ने 69110 मत प्राप्त कर 19188 मत से आगे होकर विजयी घोषित हुए। शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतगणना के पश्चात विजयी प्रत्याशी केदार कश्यप को रिटर्निंग ऑफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया। विधानसभा निर्वाचन के मतगणना में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों को अंत के 26वां राउंड तक आयतु राम मण्डावी को 3488 मत, केदार कश्यप को 69110 मत, चंदन कश्यप को 49922 मत, नरेन्द्र कुमार नाग को 4008 मत, बलिराम कचलाम को 1004 मत, फुलसिंह कचलाम को 5606 मत, रामसाय दुग्गा को 1243 मत, रामुराम उसेण्डी को 1460 मत, सुखलाल करंगा को 2148 मत तथा नोटा में 5381 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-84 में प्रत्याशी केदार कश्यप विजयी घोषित हुए।

# नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

पखांजूर में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ग्रामीण के शव के पास पर्चे भी फेंके हैं। जिसमें नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या की जिम्मेदारी ली है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने पर्चे को जब्त कर इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी है। दो दिन पहले नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर उपसरपंच रामशु कचलामी की हत्या कर दी थी। दरअसल, यह घटना पखांजूर के कोरची थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण कोरची थाना क्षेत्र का रहने वाला था। नक्सलियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने ग्रामीण के शव के पास पर्चे भी फेंके हैं। दो दिन पहले ग्राम पंचायत कंदाड़ी के उपसरपंच रामशु कचलामी को 29 नवंबर की रात जनअदालत लगाकर मुखबिरी के आरोप में मौत के घाट उतार दिया। नक्सलियों ने अचिनपुर गांव के पास पर्चा फेंककर इस घटना की जिम्मेदारी ली थी। इसके साथ ही अचिनपुर और बुरका गांव में सड़क खोदकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया था। साथ ही बुरका गांव में लगे निजी कंपनी के टावर को नक्सलियो ने आग के हवाले कर दिया था।

# कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम ने की 3046 मतों से जीत

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना हुई सम्पन्न विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रम शाह मंडावी में भाजपा उम्मीदवार महेश गागड़ा पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की है । बीजापुर विधानसभा में आठ उम्मीदवारो ने अपनी किस्मत आजमाए थे जिसमें विक्रम मंडावी को 35574 मत मिले भाजपा उम्मीदवार महेश गागड़ा को 32528 मत प्राप्त हुये, जेसीसीजे के उम्मीदवार रामधार जुर्री को 1925 , हमर राज के अशोक तलंडी 1864, सीपीआई से लक्ष्मीनारायण पोर्तेक 1170, बीएसपी के अजय कुडियाम को



1961, निर्दलीय प्रत्यासी अर्जुन गोटा 877, व ज्योति ध्रुवा को 1258 मत प्राप्त हुए। यही मतगणना में शुरू से विक्रम मंडावी में बढत बनाकर चल रहे थे, बीच के एक दो राउंड को छोड़कर अंतिम 18 वे राउंड तक अपनी बढ़त बनाते हुए 3046 मतो से विजय हुए ।

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने के लिए की गई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार के सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप समेत कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें से एक है लखपति दीदी योजना। सेल्फ हेल्पिंग ग्रुप से जुड़ी महिलाएं इस योजनाए के तहत अपना काम कर न केवल खुद आत्मनिर्भर हो रही है बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में काम कर रही हैं। बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड को योजना क्रियान्वयन हेतु चिन्हांकित किया गया है। इसके लिए बकावण्ड ब्लॉक में सीईओ जनपद एस.एस. मंडावी के अध्यक्षता में, महिला लखपति पहल के अंतर्गत मासिक ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति (बीएलसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहान,




मनरेगा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कृषि, पंचायत, महिला बाल विकास, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विकास, टीआरआईएफ बकावण्ड टीम और अन्य सभी लाइन डिपार्टमेंट के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान आने वाले जन योजना अभियान अंतर्गत जीपीडीपी और वीपीआरपी प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा हुई, साथ ही वीपीआरपी में आईएनआरएम एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संबंधित माँगों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य, पानी अन्य संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। विभागों के जीपीडीपी एवं वीपीआरपी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करने एवं नियमित बैठक के द्वारा सफल संपादन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए बैठक का समापन हुआ।

# अनजान व्यक्ति पर लकड़बग्घा ने किया हमला, उपचार के दौरान मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के केशकाल अंतर्गत बेड़मा में रविवार शाम को एक अनजान व्यक्ति को लकड़बग्घा ने हमला कर दिया हैं। हमले के परिणामस्वरूप पीड़ित व्यक्ति को लकड़बग्घा ने घायल कर दिया, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल में चिकित्सा प्राप्त हुई। हालांकि, उपचार के दौरान उसकी स्थिति बिगड़ गई और मौत हो गई। इस घटना में हमलावर व्यक्ति को पहचानना मुश्किल हो रहा हैं, क्योंकि उसके पास कोई भी आधिकारिक दस्तावेज नहीं थे। केशकाल पुलिस ने इस मामले में त्वरित जांच और पड़ताल की शुरुआत की है। अभी



तक इस अनजान व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी हैं और उसका पता लगाने के लिए पुलिस ने सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। इस हमले की पूरी घटना का संपूर्ण जाँच और शिकायतकर्ता के परिजनों से वार्ता होगी। नवीनतम जानकारी के लिए पुलिस ने जनता से सहयोग की भी अपील की है।

# शांति फाउंडेशन और करूणा भवन में मनाया विकलांग दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोंडागांव एवं अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा शांति फाउंडेशन पूनर्वास केन्द्र कोंडागांव एवं करूणा भवन कोंडागांव का निरीक्षण किया गया और विकलांग दिवस के अवसर पर मानसिक व शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के बारे में जानकारी ली गई और जरूरत मदों को निःशुल्क विधिक सलाह सहायात प्रदाय करने व नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे, सालसा द्वारा




संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, नालसा मानसीक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों को सोलफाहार भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव व सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय, रविन्द्र बघेल पी.एल.व्ही. विवेक कश्यप पी.एल.व्ही व शांति फाउंडेशन पूनर्वास केन्द्र व करूणा भवन संस्था प्रभारी सहित कर्मचारीणग भी उपस्थित रहें।

# बीमार ग्रामीण महिला को 153 वाहिनी केरिपु के सहयोग से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

केरिपु कैंप चिन्नागेलुर के जवानों ने बीमार महिला का कैम्प अस्पताल में उपचार पश्चात बेहतर उपचार के लिये 108 की मदद से बासागुड़ा अस्पताल पहुचाया । अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात केरिपु बल के जवान गांव वालों की जरूरतों में मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। दिनांक 03 दिसम्बर को 153 वाहिनी केरिपु कैंप चिन्नागेलुर के जवानों ने कमाण्डर वैद्य संकेत के नेतृत्व मे अत्यंत गंभीर हालत में कमली हेमला पत्नी विज्जा हेमला ग्राम बड़ा तर्रेम (नदी पारा) को ग्रामीणों की मदद से गांव से कैंप में लाकर इलाज कराया । कैंप कमांडर योगेश के मार्गदर्शन मे 108 एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर ईलाज हेतु बासागुड़ा रवाना किया गया। महिला की हालत स्थिर है तथा उसे उचित उपचार प्रदान किया जा रहा है।

# तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड बहुमत से विजयी होने पर कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के बीच मिठाई बांटी गई



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

तीन राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ बस्तर जिला ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के कुशल नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए आज न्यायालय परिसर जगदलपुर में मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया । विधि प्रकोष्ठ बस्तर के जिला संयोजक सपन देवांगन ने कहा कि तीन राज्य की जनता ने जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास को वोट किया है और प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का अवसर प्रदान किया । इस दौरान विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सपन देवांगन , दीपक त्रिवेदी , नवीन ठाकुर , दिनेश पानीग्राही , संजय मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा एल. ईश्वर राव ईश नारायण पांडे, जयप्रकाश पाढ़ी, अंजली शर्मा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी 01 नवम्बर 2023 से प्रारंभ हो चुकी है। आज दिनांक 04 दिसम्बर 2023 को अपर कलेक्टर जिला बीजापुर पवन कुमार प्रेमी ने जिले के कॉगूपल्ली, मददेड एवं मोदकपाल धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खरीदी केन्द्रों में खरीदी से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया एवं खरीदी संबंधी आवश्यक निर्देश दिये तथा वर्तमान में मौसम की स्थिति को देखते हुए बारिश से सुरक्षा हेतु भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुमार कुरें एवं जिला विपणन अधिकारी टामेश सिंह नागवंशी उनके साथ संयुक्त रूप से मौजूद रहे।

# पूर्व वन मंत्री गागड़ा ने लगाया कलेक्टर और एसपी पर चुनाव में पक्षपात करने का आरोप



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेस कर चुनाव के बाद कलेक्टर वहां एसपी पर सीधे प्रहार करते हुए एक पक्षीय चुनाव कराने का गंभीर आरोप लगाया। जिस तरह से चुनाव के दौरान कलेक्टर एसपी ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए कांग्रेस पार्टी के एजेंट के रूप में कार्य किया एवं जनादेश को कुचलने का प्रयास प्रशासन ने किया। जो कांटा बोने का कार्य किया उन्हे कांटा का ताज़ ही मिलेगा। बीजेपी कार्यकर्त्ताओं को सुरक्षा के नाम पर डराने धमकाने का कार्य विधायक विक्रम मण्डावी के इशारे पर एसपी ने किया। पूरे तथ्यों एवं सबूतों के साथ जांच करवाएंगे बीते 5 वर्षों में जिस तरह से डीएमएफ की राशि सहित पंचायत, निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हुई है उन्हे जाँच करवाकर कार्यवाही की मांग करेंगे। पुराने निर्माण कार्यों का बेक डेट पर कोई भी राशि जारी करने की कोशिश करने पर सख्त कारवाही की जाएगी।

# महासमुंद जिले की 4 विधानसभा में भाजपा कांग्रेस 2-2 सीट पर






पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

रविवार को विधानसभा चुनाव के मतगणना के बाद जिले की चारों विधानसभा सीटों के चुनाव परिणाम सामने आए। इसमें महासमुंद और बसना से जंहा भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई वहीं खल्लारी और सरायपाली में कांग्रेस प्रत्याशियो ने विजय हासिल की। इसके साथ भाजपा में प्रत्याशियों की जीत के साथ छग में सरकार बनने का जश्न था तो कांग्रेस में सरकार जाने के गम के साथ दो सीटों में प्रत्याशियों की जीत की खुशी देखने को मिली। सुबह 7 बजे से मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में वोटों की गिनती शुरू हुई जो देर शाम तक चली। ज्ञात हो कि यहां दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान हुआ। जिसमें जिले के मतदाताओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। इस बार जिले की चार विधानसभा से 53 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें महासमुंद से सबसे अधिक 20, खल्लारी से 15, बसना से 10 और सरायपाली से सबसे कम 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इन 53 प्रत्याशियों में 14 प्रत्याशी महिलाएं हैं। जिले की चार विधानसभा में हमेशा से भाजपा और कांग्रेस का ही मुख्य मुकाबला होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला इन्हीं के बीच हुआ है। सुबह आठ बजे मतगणना केन्द्र कृषि उपज मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई। जिसमें शुरूआत से बसना विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल बढ़त बनाए हुए थे। वहीं सरायपाली से कांग्रेस प्रत्याशी शुरू से ही एकतरफा जीत की ओर अग्रसर नजर आईं। खल्लारी विधानसभा की बात करें तो यहाँ भी कांग्रेस के द्वारिकाधीश यादव ने भाजपा की प्रत्याशी को शुरू से ही पीछे कर रखा था हालांकि महासमुंद विधानसभा सभा से कांग्रेस की प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर शुरू के छह राउंड में बढ़त बनाई हुई थीं पर सातवें राउण्ड से भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा ने बढ़ता बनानी शुरू की और अंतिम चरण डॉ रश्मि को पीछे छोड़कर आगे निकल गए।

बता दें कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में प्राप्त कुल 5,139 डाक मतपत्रों की गणना हुई। जिसके अंतर्गत विधानसभावार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं के लिए सुविधा केंद्र से विशेष संवाहक द्वारा डाक मतपत्रों की कुल संख्या 4,686 थी। जिसमें महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 1,253, खल्लारी में 857, बसना में 1,402 व विधानसभा सरायपाली में 1,174 डाक मतपत्र हैं। जिले में दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग व कोविड अंतर्गत डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 335 है। जिसमें महासमुंद से 51, खल्लारी से 73, बसना से 109 और सरायपाली से 102 मतदाता है। इसी तरह ईटीपीबीएस (सेवा मतदाताओं से प्राप्त) अंतर्गत 30 नवंबर तक प्राप्त डाक मतपत्र की संख्या 118 है। जिसमें विधानसभा महासमुंद अंतर्गत 35, खल्लारी में 23, बसना में 31 और सरायपाली में 29 डाक मतपत्र है। समाचार लिखे जाने तक उक्त कुल 5 हजार 139 डाक मतपत्रों की गिनती आखिरी राउंड में की जाएगी।

**जिले में 81.57 फीसदी मतदान, महिलाएं आगे**

ज्ञात हो कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जिले चार विधानसभा में 81.57 प्रतिशत मतदान हुआ था जिसमें पुरूषों की महिला मतदाता में अधिक उत्साह देखा गया। जिले की बसना विधानसभा में सबसे अधिक 83.67 प्रतिशत, खल्लारी में 82.39 प्रतिशत,सरायपाली में 81.71 प्रतिशत और महासमुंद विधानसभा में सबसे कम 78.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 1.73 प्रतिशत कम मतदान हुआ। पिछले विधानसभा में 83.30 फीसदी मतदान हुआ था। मतदान के बाद जिले के कुल 1079 मतदान केन्द्रों से प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को न ई कृषि उपज मंडी में 15 दिनों के लिए तीन लेयर की सुरक्षा में सील कर दिया गया था जो आज सुबह खुली, बाद मतगणना शुरू हुई।

**प्रत्याशियों के चेहरों का बदलता रहा रंग**

मतगणना शुरू होने के बाद से ही प्रत्याशियों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही थी। सरायपाली की बात करें तो यहां से कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद के चेहरे पर शुरू से ही मुस्कान दिखाई दी पर जैसा कि लोगों को लग रहा था कि भाजपा प्रत्याशी सरला कोसरिया शुरू से बढ़त बनाएंगी ऐसा हुआ नहीं।

जिससे वे मायूस दिखीं। यहीं स्थिति बसना विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र बहादुर सिंह के चेहरे पर भी दिखीं यहां से भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल शुरू से ही जीत के प्रति आस्वस्त दिखे और 15 वें राउंड तक उनकी जीतने की खुश उनके चेहरे पर दिखाई दी। खल्लारी विधानसभा की शुरूवात में दोनों प्रत्याशी अलका चंद्राकर और द्वारिकाधीश यादव प्राप्त परिणाम से संतुष्ट दिखाई तो दिए पर धीरे-धीरे भाजापा प्रत्याशी अलका चंद्राकर के चेहरे से मुस्कान गायब हो गई। महासमुंद में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर शुरू से ही जीत की ओर अग्रसर दिखाई दी पर उनकी खुशी सातवें राउण्ड से मायूसी में बदल गई और भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ मौजूद कार्यकर्ताओं का चेहरा खिल उठा और मतगणना स्थल के बाहर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए नजर आए।

**कहीं खुशी, कहीं गम**

मतगणना केंद्र के बाहर सुबह से ही आम जनता के साथ भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता सहित अन्य निर्दलीय के समर्थक मौजूद रहे और चुनाव परिणाम की पल-पल की खबर लेने के साथ उत्साह मनाते हुए नजर आए। जैसे-जैसे राउंड बढ़ता गया वैसे-वैसे मंडी के बाहर खड़ी जनता में उत्साह और मायूसी दोनों नजर आई। करीब दो बजे के बाद भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा ने बढ़त बनानी शुरू की मंडी के बाहर खड़े उनके समर्थक जय श्री राम के नारे लगाने लगे, इधर योगेश्वर की जीत की संभावनाएं बढ़ते देख चौक-चौराहों पर भी आतिशबाजी शुरू होने लगी। इस बीच शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

**दोनों प्रमुख पार्टी प्रत्याशियों को मिले मत**

**महासमुंद विधानसभा**

राजू सिन्हा- भाजपा- 84594
रश्मि चंद्राकर- कांग्रेस- 68442
जीत का अंतर- 16152

**खल्लारी विधानसभा**

द्वारिकाधीश- कांग्रेस- 104052
अल्का चंद्राकर- भाजपा- 66933
जीत का अंतर - 37119

**बसना विधानसभा**

संपत अग्रवाल- भाजपा- 108871
देवेंद्र बहादुर- कांग्रेस- 72078
जीत का अंतर- 36793

**सरायपाली विधानसभा**

चातुरी नन्द- कांग्रेस- 100503
सरला कोसरिया- भाजपा- 58615
जीत का अंतर- 41888

# भाटापारा-झेरिया यादव समाज आदर्श विवाह की ओर



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज तरेंगा परिक्षेत्र , समय समय पर बैठके एवं जनसंपर्क के माध्यम से आदर्श विवाह के लिए जागृत करते रहे हैं । इसी का परिणाम हैं कि आज मंदिरों में आदर्श विवाह संपन्न हो रहे हैं । झेरिया यादव समाज के श्री कृष्ण बाके बिहारी मंदिर मावली माता मन्दिर परिसर सिंगारपुर में देवरी निवासी गोविंद यादव पिता रमेश यादव एवं ओठगन निवासी कु. सरिता यादव पिता शत्रुहन यादव का आदर्श विवाह सादगी पूर्ण संपन्न हुआ । इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री एम एल यादव सचिव शोभित यादवश्री हिंसा राम यादव जी बुंदेला महामंत्री सम्बलपुर राज श्री संजय यादव नवयुवक अध्यक्ष ओठगन अशोक यादव श्री भगत यादव जी ओठगन श्रीमती शांति यादव, सुखमनी यादव श्रीमती रामेश्वरी यादव चैती बाई गौरी बाई सहित बड़े संख्या में वर वधु के परिजनों के साथ साथ सामाजिक गण उपस्थित रहे ।



# अवैध धान परिवहन के मामले में पिक-अप वाहन जब्त, लगातार अवैध धान परिवहन की शिकायत पर कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अवैध रूप से धान परिवहन की सूचना पर पुलिस के द्वारा ग्राम लंबर के पास से एक पिकअप वाहन से 66 कट्टा धान जब्त कर मंडी समिति सरायपाली के सुपुर्द किया गया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक महासमुंद धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे एवं एसडीओपी सरायपाली अभिषेक केशरी के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे अवैध धान परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम विगत मध्य रात्रि थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 डी 2878 में लंबर की ओर से अवैध धान सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम रवाना होकर मुखबिर के बताए स्थान लंबर के पास पहुंची और वाहनो की जाँच के दौरान सरसीवा रोड की ओर से आ रही उक्त पिकअप वाहन को रोका गया। उसमें बैठे चालक गजानंद साहु पिता स्व. जगत राम साहू उम्र 28 वर्ष निवासी पहंदा थाना केडार जिला सारंगढ़ से पूछताछ करने पर उसने 66 कट्टा सरना मोटा धान अवैध रूप से परिवहन करना स्वीकार किया।

पुलिस ने मौके पर से 66 कट्टा धान एवं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त किया और अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन तैयार कर कृषि उपज मंडी समिति सरायपाली को सौपा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में एएसआई डामनलाल नागवंशी, आरक्षक विक्रम लहरे, परमेश्वर प्रजापति एवं साइबर सेल स्टाफका विशेष योगदान रहा।

# अग्र शिरोमणि संस्था द्वारा दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्य.विद्यालय बालसी में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली द्वारा दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संध्या भोई (प्राचार्य स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय सरायपाली), कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजीत पटेल (प्राचार्य दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर) एवं विशिष्ट अतिथियों में विश्वजीत गुप्ता, सरिता साहू, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक शर्मा, गीतांजलि प्रधान, रमेश प्रधान, सरोज डड़सेना, ललित साहू, मंजू साहू, अंजन स्वांई, नरेन्द्र मांझी, पद्मिनी साहू, जगदीश राणा, कौशल प्रसाद साहू, दूजलाल साहू, रजनी सिदार, लक्ष्मीनूतन भोई, खुशबू साहू उपस्थित थे।




# भाजपा की जीत पर महिला मोर्चा का महत्वपूर्ण योगदान: सुधा साहू

## महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश व राजस्थान में भाजपा को मिली भारी बहुमत पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने इसे प्रधानमंत्री पर जनता का भरोसा व भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 साल कांग्रेस के कुशासन काल में छग की जनता त्रस्त थी। महिलाओं से की गई वादाखिलाफी सत्ता परिवर्तन का मुख्य कारण बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छग वासियों ने भरोसा किया। जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को पूर्ण बहुमत 54 सीटें मिली है। इस कामयाबी का श्रेय भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों को जाता है। जिले में भाजपा को दो सीटें मिली। इस महत्वपूर्ण उपलिब्ध में भाजपा महिला मोर्चा का बड़ा योगदान रहा। मोर्चा के बहनों ने मतदान के पूर्व घर-घर जाकर प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी कार्यों व महिलाओं के हित में लिए जा रहे फैसलों से अवगत कराया। मतदान के पूर्व भाजपा को विजयश्री दिलाने महिला मोर्चा के बहनों ने कड़ी मेहतन कर सकारात्मक परिणाम पार्टी के पक्ष में लाया। जिले के महिला मतदाताओं ने अपना अमूल्य वोट भाजपा के पक्ष में देकर प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी पर विश्वास जताया। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। साहू ने समस्त महिला मोर्चा के कार्यकर्ता, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# सत्तापक्ष का नेतृत्व नही मिलपाना भाटापारा के विकास मे सबसे बडा रोड़ा

## बीजेपी प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने कहा जनादेश स्वीकार्य, परंतु क्षेत्र के आकांक्षा व विश्वास की सबसे बडी हार

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

**भाटापारा स्वतंत्र जिले के उम्मीदों को लगी ठेस**



विधानसभा सभा चुनाव का परिणाम छत्तीसगढ़ मे सभी एक्जिट पोलो को दरकिनार करते हुये पूर्ण रुप से भाजपा के सरकार को जनादेश दे दिया है परंतु यह जनादेश भाटापारा क्षेत्रवासियों के तरफ से सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधित्व नही चुने जाने से दुर्भाग्यपूर्ण रहा क्योकि भाटापारा विधानसभा सभा क्षेत्र से सत्ता पक्ष के आपोजिट कांग्रेस का जनप्रतिनिधित्व का जनादेश क्षेत्र वासियों के तरफसे मिला है जो की भाटापारा का पिछले कई चुनाव से चले आ रहे सत्ता पक्ष के विधायक नही मिलने के चक्र की पुनरावृत्ति माना जा सकता है।

**सत्ता पक्ष का जनप्रतिनिधित्व नही मिलने से जनकांक्षाओं लगी ठेस**

गौरतलब है कि सत्ता पक्ष का जनप्रतिनिधित्व हासिल करना शहर के मूलभूत बुनियादी विकास व स्वतंत्र जिले के जनकांक्षाओं के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण था परंतु यहा पर सभी प्रकार उम्मीदों का पासा उल्टा पडा और क्षेत्र वासियों मे नये जनप्रतिनिधित्व के जीत को लेकर वह हर्ष का माहौल नही देखा गया जो सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधित्व के जीत को लेकर माहौल देखा जाता

**राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होता रहा है भाटापारा क्षेत्र**

गौरतलब है की अब तक के 18 बार के हुये भाटापारा विधानसभा के चुनाव मे 14 बार कांग्रेस व 4 बार बीजेपी के प्रत्याशी विजयी रहे और इसी कारण भाटापारा को कांग्रेसी गढ के रुप मे माना जाता है परंतु भाटापारा क्षेत्र अपने योग्यता के साथ विकास की गति का वहां सीढी नही चढ पाया जिसका वह हकदार है कारण सही समय सही अवसर पर सत्ता पक्ष का जनप्रतिनिधित्व नही दे पाना।

**सत्ता पक्ष का विधायक नही तो जिला किस बात का ? : भूपेश बघेल**

चुनाव के पहले कृषि उपज मंडी परिसर मे आयोजित संकल्प शिविर मे पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्रवासियों द्वारा सार्वजनिक रुप से भाटापारा को 28 वाँ स्वतंत्र जिले के मिले आशवासन को याद दिलाते हुये जिले की माँग किया गया तो उनके द्वारा उक्त माँग को साफतौर पर नकार दिया गया और भाटापारा क्षेत्र वासियों को कहा की यहाँ से मौला विधायक चुनके देहो का जेमा भाटापारा वाले मन बडा होशियार बनके जिले के मांग करत हव यही दुर्भावना व दुर्भाग्य अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तुलना मे पिछडने का सबसे बडा कारण व रोडा बना हुआ है जिसे क्षेत्रवासी समझते हुये भी पहली बनकर मकडी की जाल की तरहा इस निर्णायक समय मे फस जाते है और भाटापारा क्षेत्र का ऐसा दुर्भाग्य कब पीछा छोडेगा वह समय ही बता पायेगा।

**क्षेत्र के आकाक्षाओं व विश्वास की हार- शिवरतन शर्मा**

भाटापारा विधानसभा चुनाव 2023 का परिणाम क्षेत्र का जनादेश है जो सहज रुप से स्वीकार्य है परंतु क्षेत्र वासियों को सत्ता पक्ष का जनप्रतिनिधित्व नही मिल पाना क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों को लेकर आकांक्षा व विश्वास लेकर बैठे लोगों की सबसे बडी हार है परंतु फिर भी क्षेत्र के विकास के लिये जो भी सार्थक प्रयास है वह करने का प्रयास किया जायेगा संवाददाता से बात करने पर ऐसा आत्मविश्वास व हार जीत के शिकन से परे होकर एक नये ऊर्जा शक्ति का संचार महसूस कराते हुये पूर्व विधायक शिवरतन ने क्षेत्रवासियों के हित के लिये संघर्ष की लडाई लडते रहने के लिए अपने आप को दृढसंकल्पित बताया

**नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव**

नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव ने कांग्रेस भवन मे आयोजित प्रेस वार्ता मे कहा की विधायक के रुप मे क्षेत्र की जनता का जो जनादेश मिला है उसके लिये मे सदैव आभारी रहूँगा व क्षेत्र व क्षेत्रवासियों के हित व विकास के लिये की भी आरपार व सडक की लडाई लडने हेतु दृढसंकल्पित होकर उम्मीदों मे खरा उतरने हेतु प्रयास रत रहूँगा

# जंगल में सुअर मारने बिछाए गए तार के करंट में आने से नाबालिग की मौत

## घटना के बाद शव को आरोपियों ने लगा दिया था ठिकाना, आठ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

जंगल में सुअर मारने के लिए बिछाए गए करंट प्रभावित तार की चपेट में आने से एक नाबालिग की मौत हो गई। घटना के बाद अपराध को छिपाने के लिए आरोपितो ने शव को अन्य स्थान पर ठिकाने लगा दिया। लापता नाबालिग के स्वजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल की, तो इस मामले से पर्दा उठा। आठ आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम कुटेश्वर नगोई में रहने वाला परमेश्वर यादव उम्र 17 साल अपने दोस्तो के साथ कार्तिक पूर्णिमा मनाने गया था उसके बाद पुनरू शाम 7.30 बजे घर से बाहर घुमने निकल गया, पर वापस नहीं लौटा। उसके स्वजनों ने इस घटना की सूचना थाना में की थी। लापता नाबालिग की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान पुलिस ने संदेही भवन सिह कंवर को पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसके साथी गोपाल सिह कंवर, फूलसाय




धनुहार ने परमेश्वर को मानगुरू पहाड झोका नाला तरफ जंगली सुअर होने एवं फसल देखने ले गए थे। रात 9.30 बजे झोका तालाब के पास पगडी रास्ते में करंट प्रवाहित तार की चपेट में भुवन व परमेश्वर आ गए। इस घटना बाद अन्य साथी भाग गए। दो घंटे बाद होश में आया भुवन घर वापस लौट गया, पर परमेश्वर का कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि शिशुपाल सिंह धनुहार, संतोष कुमार कंवर द्वारा गांव का कन्हैया, राम यादव, लक्ष्मी नारायण पोर्ते के द्वारा जंगली सुअर मारने के लिए सेटिंग तार बिछाने के लिए मना किया गया था। पुलिस ने लक्ष्मीनारायण पोर्ते तथा अजय यादव को तलब कर कडाई से पूछताछ की गई तो उसने अपने साथियों के साथ जंगली सुअर फंसाने के लिए अवैध रूप से सेंट्रिंग तार बिछा कर बिजली करंट सप्लाई किया था, इससे परमेश्वर यादव की बिजली करंट से मृत्यु हो गई। तब उसके शव को मानगुरू पहाड़ ऊपर छिपा दिया गया। आरोपित के निशानदेही पर मानगरू पहाड से मृतक का शव को बरामद किया गया। शव छह दिन पुराना हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। मामले में पुलिस ने कन्हैयाराम यादव 39 वर्ष निवासी कुटेशरनगोई, लक्ष्मीनारायण 34 वर्ष निवासी साकिन डुमरमुडा, अंजय यादव उर्फ अज्जे 25 वर्ष निवासी कुटेशरनगोई, पंचराम बिरहोर उर्फ पंच्चू 30 वर्ष निवासी नागरमुडा बिंझरा, इंद्रभुवन नेटी उर्फ पप्पू 34 वर्ष निवासी डुमरमुडा, भवन सिह कंवर 24 वर्ष निवासी कुटेशरनगोई, फूलसाय धनवार 42 वर्ष निवासी कुटेशरनगोई व गोपाल सिह कंवर 36 वर्ष निवासी कुटेशरनगोई को धारा 304, 201, 34 एवं 135 विद्युत अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया।

# छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय कार्यशाला कृषि छात्रों में उद्यमिता विकास पर आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि एस. एस. बजाज महानिदेशक सी कास्ट एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरीश चंदेल कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन कर अतिथियों का स्वागत डॉ. विजय कुमार चौधरी विभागाध्यक्ष, कृषि अर्थशास्त्र के द्वारा किया गया। बजाज ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में छात्रों को उद्यमिता विकास के बहुमूल्य कड़ी कहा एवं कृषि के क्षेत्र में उद्यमिता विकास के अपार संभावना हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के विभिन्न कार्यक्रम द्वारा समन्वित विकास व बाजार आधारित नवोन्मेंशी तकनीक पर कार्य करने की प्रेरणा दी । डॉ चंदेल ने छात्रों को कृषि के व्यवसायीकरण एवं बाजार आधारित नवोन्मेषी उत्पादों के प्रबंधन एवं ग्रामीण प्रबंधन के द्वारा राज्य के विकास में सहभागिता बनने हेतु आहवन किया। कार्यशाला के स्वागत उद्बोधन डॉ संजय कुमार जोशी के द्वारा कृषि में उद्यमिता विकास पर प्रकाश डाला एवं इस कार्यशाला का छात्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव एवं विशेषताओं के बारे में बताया। कार्यशाला के समन्वयक अखिलेश त्रिपाठी वैज्ञानिक डी ने विश्वविद्यालय के साथ-समनवय स्थापित की एवं डॉ प्रवीण कुमार वर्मा के द्वारा समस्त प्रतिभागियों, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, निर्देशक एवं अधिष्ठाताओं की सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# चीन में फैली रहस्यमयी बीमारी को लेकर जिले का स्वास्थ्य अमला सतर्क

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के बाद सीएमएचओ ने जारी किए निर्देश, बच्चे आ रहे बीमारी की चपेट में, सांस लेने में हो रही तकलीफ**

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के बाद चीन में फिर से एक रहस्यमयी बीमारी फैली हैं। इस रहस्यमयी बीमारी के कारण लोग दहशत में आ गए हैं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार इस बीमारी में बच्चे चपेट में आ रहे हैं जिन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है। हालांकि छत्तीसगढ़ और कोरबा में इस रहस्यमयी बीमारी का कोई भी केस सामने नहीं आया है, लेकिन चीन में बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को निर्देश जारी किए गए हैं। इसे लेकर जिला स्वास्थ्य अमला भी सतर्क हो गया हैं। जानकारी के अनुसार इस रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित बच्चों के फेफड़ों में जलन, तेज बुखार और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए देश भर में एडवाइजरी जारी की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी बीमारी को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चीन में फैली महामारी को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला स्वास्थ्य महकमा के पास भी दिशा-निर्देश पहुंच चुका है। सीएमएचओ को पहुंचे दिशा-निर्देश में रहस्यमयी बीमारी को लेकर तैयारी रखने कहा गया है, ताकि इस तरह के मामले सामने आने पर पीड़ित का तत्काल उपचार शुरू किया जा सके। साथ ही जारी की गई एडवाइजरी के अनुरूप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक सावधानी बरतने कहा गया है।

**बेड, आक्सीजन व उपकरण की तैयारी-** सीएमएचओ ने बताया कि चीन में फैली बीमारी को लेकर मिले दिशा-निर्देश के अनुरूप बेड, आक्सीजन व जरूरी उपकरणों की तैयारी रखने कहा गया हैं। इसके लिए अलग वार्ड की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोरबा में इस तरह का कोई मामला नहीं है, लेकिन बीमारी की गंभीरता को देखते हुए इसके बचाव को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मातहत अधिकारी कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिले में बीमारी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

**क्या है बीमारी के लक्षण-** मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक बताया जा रहा हैं की चीन में फैल रही इस बीमारी के लक्षण निमोनिया जैसे ही हैं। ये बीमारी खासतौर पर बच्चों को अपना शिकार बना रही है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत पद्मश्री अनूप जलोटा नाईट का आयोजन

## भिलाई के संगीत सुधिजनों के लिये प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के तत्वाधान में 09 दिसम्बर 2023 को भिलाई क्लब के क्रिस्टल गार्डन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत पद्मश्री अनूप जलोटा नाईट कार्यक्रम का आयोजन संध्या 7.30 बजे से किया जा रहा है। क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के माध्यम से आयोजित इस विशेष संगीत संध्या में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा भजन व गीत-गजल के विविध बानगी पेश की जायेगी। इस आयोजन में संगतकार के रूप में मुंबई से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वादक कलाकार



निर्णायक की भूमिका अदा करेंगे। आयोजन में अनूप जलोटा अपने बेहद चर्चित गीतों के विशेष प्रस्तुतिओं को सुरमई अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। गत वर्षो से सुर सम्राट अनूप जलोटा के अविस्मरणीय गायकी के प्रति रुझान को दृष्टिगत करते हुए संयंत्र प्रबंधन द्वारा यह आयोजन भिलाई के संगीत प्रेमियों को समर्पित किया जा रहा है। भिलाई के संगीत सुधिजनों के लिये प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क है।

# कुदमुरा रेंज में सक्रिय 37 हाथियों का दल, 26 हाथी चले धरमजयगढ़ की ओर, 11 अमलडीहा में मौजूद



पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले के कुदमुरा रेंज में सक्रिय 37 हाथियो के दल में से 26 हाथी बीती रात दल से अलग होकर पडोसी धरमजयगढ़ क्षेत्र चले गए । जबकि 11 हाथी अभी भी रेंज के अमलडीहा गांव के जंगल में मौजूद है। बड़ी संख्या में हाथियो के अन्यत्र जाने से यहां वन अमले ने राहत महसूस की है। लेकिन हाथियो के पुनः वापस लौटने की संभावना को देखते हुए अमला सावधानी बरत रहा है। उधर कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर, केंदई तथा पसान रेंज में हाथियो का तीन दल गुरसिया, खुरूपारा, तथा बनिया सर्किल के सरमा में विचरण कर रहा है हाथियो के इन दलों ने अभी कोई बड़ा नुकसान किया है। लेकिन रास्ते में चलते समय कुछ खेतो में खड़े धान की फसल को नुकसान पहुंचा दिया है। हाथियो के तीन रेंज के 3 अलग-अलग जगहों पर होने से वन विभाग की परेशानी बढ़ गयी है। क्योंकि अलग-अलग स्थानों पर वन अमले को निगरानी करनी पड़ रही है।

# संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने मनाया नौसेना दिवस



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में आज नौसेना दिवस मनाया गया। शिक्षिका विनीता सुंदरानी ने बच्चों को नौसेना दिवस के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने नौसेना दिवस पर अपने विचार रखें और नौसेना में जाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। विनीता ने बच्चों को बताया कि भारतीय रक्षा बलों को थल सेना, नौसेना और वायु सेना के रूप में विभाजित किया गया है। हर साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाता है। भारतीय नौसेना समुद्री मोर्चे पर शांति बनाए रखने के लिए काम करती है। नौसेना बल बंदरगाह यात्राओं और विदेशी समुद्री यात्राओं का भी ध्यान रखती है। नौसेना दिवस पर कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में भारतीय नौसेना के योगदान का जश्न मनाया जाता है। गोवर्धन ने बताया कि राष्ट्र उन सैनिकों को भी श्रद्धांजलि देता हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस दिन का उत्सव वास्तविक तिथि से एक सप्ताह पहले शुरू होता है। छत्रपति शिवाजी महाराज को नौसेना का जनक कहा जाता है। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में सेना दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में नौसेना के परिधान में बच्चे, शिक्षण स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं।

# सेल ने सीएसआर के तहत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरित किए



पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

देश की सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज 04 दिसंबर, 2023 को, नई दिल्ली में अपने निगमित कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से दिव्यांगजनों के विभिन्न वर्गों को सहायक उपकरण वितरित किए। कंपनी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने इस प्रमुख कार्यक्रम को लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया। सेल ने इसके साथ ही, देश भर में फैले अपने विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। सेल द्वारा प्रदान किए गए सहायक उपकरणों में ट्राइसाइकिल,मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन, घुटने के ब्रेसिज और श्रवण यंत्र शामिल हैं। इस अवसर सेल अध्यक्ष, अमरेंदु प्रकाश ने पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगता के प्रति सामाजिक जागरूकता में सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया और दिव्यांगजनों को सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई। वर्तमान में, सेल अपने संयंत्रों के इलाकों में दिव्यांगजनों के लिए जरूरी विभिन्न विशेष सुविधाओं जैसे राउरकेला में ब्लाइंड, ड़ेफ और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल एवं 'होम एंड होप', बोकारो में 'आशालता केंद्र', दुर्गापुर में 'विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम' एवं 'दुर्गापुर विकलांग हैप्पी होम' और बर्नपुर में 'चेशायर होम' इत्यादि का संचालन कर रहा है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में एएसपी ओएल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का कैंपस ड्राइव

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा क्ष मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफरैंकिंग में शीर्ष 101- 150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। 1 दिसंबर 2023 को, कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग (सीसीआरसी)




द्वारा ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। कलिंगा यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों को पुणे की बहुराष्ट्रीय कंपनी एएसपी ओएल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, ऑपरेशन मैनेजर और एचआर मैनेजर द्वारा विभिन्न पदों के लिए चुना गया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की गई - लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और साक्षात्कार। कैम्पस प्लेसमेंट कंपनियों और छात्रों के बीच समन्वय स्थापित करता है। कलिंगा विश्वविद्यालय इस उपलब्धि के लिए चुने जाने पर छात्रों कड़ा निवास, पृथ्वी नारायण, निरिक्षा तांडासा, हर्षिता, सौरव कमल, रोहन आचार्य, आदित्य कुमार, कोमल तावरी, रेणुका जोध, अंतरा दास, अंकिता परिदा और उनके परिवारों को बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।

## लाउडस्पीकर व्यवस्था से मतगणना स्थल के बाहर भीड़ ने प्रत्येक राउंड को सुना

# मतगणना के दिन मंडी परिसर सारंगढ़ रहा गुलजार

पायनियर संवाददाता ‹ सारंगढ़ बिलाईगढ

www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में मतगणना का कार्य शुरू होने से पहले सुबह 5 बजे से जिन-जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित थे वे आने लगे। कलेक्टोरेट से जुड़े गेट नंबर 1 में अधिकारी-कर्मचारी का प्रवेश द्वार बनाया गया था। मेन रोड से जुड़े गेट-2 से मीडिया सेंटर और उद्घोषक मंच के लिए राजनीतिक दलों के एजेंटों का प्रवेश द्वार बनाया गया था।

सुबह 5 बजे से मतगणना कार्मिक, सभी राजनीतिक दल के सदस्य, अभ्यर्थी, गणना एजेंटों का प्रवेश एफसीआई गोदाम की ओर से बने गेट नंबर 3 से किया गया। इन सभी को 7.30 बजे तक मतगणना स्थल में प्रवेश करना अनिवार्य था। इस गेट में पुलिस




दल के द्वारा सभी लोगों का चेक किया गया। मतगणना स्थल के लिए प्रतिबंधित सामग्री (मोबाइल, स्मार्ट घड़ी, कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बीड़ी सिगरेट, पान मसाला गुटका आदि) को अपने माध्यम से सुरक्षित रखने के लिए कहा गया।

**कोषालय सारंगढ़ के स्ट्रांग रूम से लाया गया डाकमत**-सारंगढ़ के तहसील कार्यालय परिसर स्थित कोषालय से सुबह 6.30 बजे रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा के निर्देशन में सरकारी गाड़ी से पुलिस बल की सुरक्षा में डाकमत लाया गया। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाता का डाकमत और डाक विभाग से प्रतिदिन सेवा वर्ग के मतदाताओं से प्राप्त डाकमत था।

**लाउडस्पीकर व्यवस्था से मतगणना स्थल के बाहर भीड़ ने प्रत्येक राउंड को सुना**-मतगणना स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण सामान्य नागरिकों के प्रवेश के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इस कारण मतगणना परिणाम जानने के इच्छुक भीड़ सड़क और सामने स्थित उद्यान में लाउडस्पीकर से गिनती को सुनकर मतों की संख्या को सुन पा रहे थे।

**मीडिया सेंटर और उद्घोषक मंच में था मतगणना स्थल से सीधा प्रसारण**-जिले में समाचार पत्र और टीवी चैनल पत्रकारों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया था। इन सभी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा बैठक एवं आवश्यक व्यवस्था-वाईफाई, टीवी, चाय, नाश्ता, भोजन और मतगणना कक्ष से माइक का सीधा प्रसारण साउंड बॉक्स के माध्यम से किया गया था। जनसंपर्क अधिकारी के द्वारा सभी पत्रकारों को अलग अलग दल के रूप में मतगणना कक्ष के अवलोकन के लिए ले जाया गया और निर्वाचन नियमानुसार फोटो वीडियो उपलब्ध कराया गया।

**मतगणना परिसर सुरक्षा व्यवस्था-** एसपी आशुतोष सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस बल का तीन स्तर में सुरक्षा प्रदान किया गया था।

# चक्रवात प्रभाव से मौसम का मिजाज बदला, होगी ठंड में बढ़ोत्तरी

**कोरबा।** पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही च वात के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है और सोमवार विभिन्न क्षेत्रों में बारिश के आसार है।बस्तर संभाग में सोमवार चार दिसंबर और मंगलवार पांच दिसंबर तथा मध्य छत्तीसगढ़ में चार, पांच व छह दिसंबर को बारिश की संभावना है। इसके साथ ही सरगुजा संभाग में पांच व छह दिसंबर को बारिश होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।

CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye
कॉर्पोरेट एवं नोंदणीकृत कार्यालय, यूनिट क्र.८०१, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कालीना, सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई ४०००९८.
CIN No. U65922MH2016PLC273826

शुद्धिपत्रक

कृपया दिनांक २३.११.२०२३ को इस समाचार पत्र में प्रकाशित मांग सूचना का संदर्भ लें। इस सूचना में प्रथम पैराग्राफ इस प्रकार पढ़ा जाये.
अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, २००२ (उक्त अधिनियम) के अधीन सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा १३ (१२) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, २००२ के नियम ३ के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा १३(२) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार (रों) (उक्त कर्जदार) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी।

●**इस सूचना में कर्जदार प्रभाष दीवान (ऋण खाता संख्या RPRMU18001791)** के कर्जदार नाम गलत प्रकाशित हो गया है कृपया सही नाम **प्रभाष दीवान** पढ़ें।
इसके अलावा इस सूचना में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी



# डीपफेक वीडियो पर रश्मिका ने कहा-ये नॉर्मल नहीं है, चुप मत रहिए

**रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपना डीपफेक वीडियो वायरल होने पर रिएक्शन दिया है। रश्मिका हैदराबाद में हुए अपकमिंग फिल्म एनिमल के प्रमोशनल इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने डीपफेक पर बात करते हुए लड़कियों को इसके लिए सचेत किया है। उनका मानना है कि इस तरह के मामले होना आम बात नहीं है और हर किसी को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।**

रश्मिका मंदाना फिल्म एनिमल को-स्टार्स रणबीर कपूर, बॉबी देओल और अनिल कपूर समेत पूरी टीम के साथ हैदराबाद में फिल्म प्रमोट करने पहुंची थीं। हैदराबाद में हुए इवेंट के दौरान रश्मिका से उनके डीपफेक वीडियो पर सवाल किए गए थे। इस पर उन्होंने कहा, साउथ इंडस्ट्री से लेकर नॉर्थ इंडस्ट्री तक कई लोग मेरे सपोर्ट में सामने आए। इससे मुझे एहसास हुआ कि इसे (डीपफेक वीडियो वायरल होने को) सामान्य रूप से लेने की जरुरत नहीं है। लोगों के सपोर्ट से मुझे बहुत सुरक्षित और सिक्योर महसूस हो रहा है। तो मैं हर एक लड़की से ये कहना चाहती हूं कि ये नॉर्मल नहीं है। जब कुछ आपको बहुत इफेक्ट करता है तो आपको चुप रहने की जरुरत नहीं है। जब आप अपने लिए खड़े होते हैं तो लोग भी आपको सपोर्ट करते हैं। जहां हम रहते हैं वो एक बेहतरीन देश है।

रश्मिका से पूछा गया कि सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को उन्होंने कैसे हैंडल किया तो एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे बहुत सपोर्ट मिला है। मेरा मानना है कि किसी भी एक्टर, क्रिकेटर या पब्लिक पर्सनालिटी पर निर्भर करता है कि वो ट्रोलिंग और मीम कौ कैसे हैंडल करता है।

आज एक महिला और एक एक्ट्रेस के तौर पर मैं अपने परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों की आभारी हूं, जो मेरे लिए प्रोटेक्शन और सपोर्ट सिस्टम हैं। अगर मेरे साथ ऐसा तब होता जब मैं स्कूल या कॉलेज में थी, तो मैं सचमुच सोच भी नहीं सकती कि मैं इस सिचुएशन से खुद को कैसे बाहर निकाल पाती। हमें एक समाज के रूप में तत्काल अपनी पहचान के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, इससे पहले कि और भी लोग इसके शिकार हो जाएं।

### आलिया, काजोल, कटरीना भी हुई डीपफेक का शिकार

रश्मिका मंदाना के बाद काजोल डीपफेक टेक्नोलॉजी की शिकार बन गईं। काजोल का कपड़े बदलते हुए एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद कटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 से एक फोटो सामने आई थी, जिससे छेड़छाड़ की गई थी। हाल ही में सोमवार को आलिया भट्ट का भी एक फेक बोल्ड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।



# फातिमा ने साझा किया सैम बहादुर में काम करने का अनुभव

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म सैम बहादुर में फातिमा सना शेख भी नजर आएंगी। अभिनेत्री फिल्म में दिवंगत पीएम इंदिरा गांधी का रोल अदा करती दिखेंगी। हाल ही में उन्होंने मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। बता दें कि सैम बहादुर फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जीवन पर आधारित है। फातिमा सना शेख का कहना है कि उनकी कहानी लोगों को बताई जानी चाहिए। अभिनेत्री को उम्मीद है कि युद्ध नायक पर आधारित यह फिल्म नई पीढ़ी को प्रेरणा देगी।

बता दें कि फिल्म में विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में इंदिरा गांधी का रोल अदा कर रहीं फातिमा सना शेख का कहना है कि इस फिल्म में काम करना उनके लिए बेहद सीखने वाला अनुभव रहा है। फातिमा ने कहा, फिल्म सैम बहादुर तमाम दर्शकों तक पहुंचेगी और लोगों को प्रेरित करेगी। एक पूरी पीढ़ी सैम मानेकशॉ के बारे में नहीं जानती है। मैं भी नहीं जानती थी। फिल्मों के जरिए आप वास्तविक जीवन के नायकों की खोज करते हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा, कभी-कभी आपको यह यकीन दिलाने में किसी और की जरूरत होती है कि ये वो कहानी है, जिसे लोगों को बताना जरूरी है और ऐसा करना साहसिक काम है। फातिमा का कहना है कि यह एक बेहद अहम किरदार है, यह एक जिम्मेदारी है जिसे आप ले रहे हैं और एक बड़ा जोखिम है। हम सभी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म में अपने इंदिरा गांधी के किरदार को लेकर फातिमा ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो पा रहा था कि इस प्रतिष्ठित किरदार को वे निभा पाएंगी। अभिनेत्री ने कहा, इस किरदार को निभाते हुए मैं लकी फील कर रही हूं। लेकिन, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर यह यकीन कर पाने में काफी समय लगा कि मैं इसे निभा सकती हूं। मेघना गुलजार मुझे लेकर सुनिश्चित थीं, लेकिन मैं नहीं हो पा रही थी। बता दें कि सैम बहादुर एक दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला रणबीर कपूर की एनिमल से होगा। एनिमल का निर्देशन कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा ने किया है।

# हां, मैंने छुपाई थी अपनी शादी और दो बच्चियों की मां होने की बात, लेकिन...

**कम लोगों को ही पता है कि अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने फिल्मों में जब अपने करियर की शुरुआत की तो वह पहले से ही शादीशुदा थीं और दो बेटियों की मां भी थीं। यह बात पाखी ने काफी समय तक छुपाकर रखी और नए नाम और नई पहचान से एक्टिंग प्रोफेशन में कदम रखा। पाखी हेगड़े कहती हैं कि उनका बचपन बहुत ही अभाव में गुजरा, वह नहीं चाहती थी कि उनकी बेटियों का भविष्य आगे चलकर खराब हो। उनकी जिंदगी में एक ऐसा मोड़ आया जब उन्हें लगने लगा अपनी बेटियों साथ अपनी जिंदगी खत्म लेंगी। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, पाखी हेगड़े की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है।**

### 19 साल में हो गई शादी

ग्रेजुएशन करने के बाद मैं अपने करियर के बारे में सोच ही रही थी कि 19 साल की उम्र में मेरी शादी हो गई। मेरा बचपन बहुत ही अभाव में ही गुजारा। मेरी पढ़ने की बहुत ही चाहत रही। मेरा पापा मधुकर शेट्टी की मृत्यु तब हो गई थी, जब मैं चौथी कक्षा में थी। पापा के गुजरने के बाद मेरी मां सीता शेट्टी हमेशा मेरी शादी को लेकर चिंचित रहती थी। जितनी जल्दी शादी हुई, उतने ही जल्दी बच्चे भी हो गए। एक समय पर मुझे लगा कि आगे चलकर मेरे बच्चों को समस्या हो सकती है। पति के शराब पीने की आदतों से पारिवारिक जिंदगी डिस्टर्ब होने लगी। मैं भी बहुत ज्यादा डिस्टर्ब हो रही थी। फिर मैंने सोचा कि बच्चों के साथ अपनी जिंदगी अकेले गुजारनी चाहिए।

### मेरी स्टूडेंट ने दिया एक्टिंग का सुझाव

वसई में पापा का एक छोटा सा होटल था। तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटी मैं ही हूं। पापा की मृत्यु हुई तो एक भाई पांचवी और एक भाई छठवीं में था। दोनों को पढाई छुड़ाकर होटल पर बैठा दिया गया ताकि घर खर्च चल सके। बचपन में जब पिता का साया सिर से उठ जाए तो काफी मुश्किलें आती हैं। मां ने किसी तरह से हमारी परवरिश की। खैर, जब मैंने पति से अलग रहने का फैसला किया, तो सोच लिया था कि मुझे घर वापस नहीं जाना है। सोचा कि घर वापस जाऊंगी तो भाइयों की जिंदगी को डिस्टर्ब करूंगी। घर वालों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। बेटी और बहन होने के नाते मुझे भी अपना फर्ज निभाना था। मैने सोचा जो कुछ भी करना है, अपने पैरो पर खड़े होकर करना है। सवाल यह था कि क्या किया जाए। मैं बच्चों को पढ़ाती भी थी। मेरी एक स्टूडेंट एक्टिंग करती थी, उसी ने मुझे सुझाव दिया कि एक्टिंग करनी चाहिए।

### जिंदगी खत्म करने का भी सोचा

मैं तो जिंदगी के ऐसे मोड़ पर खड़ी थी कि कुछ भी काम मिल जाए करना ही है। लेकिन एक्टिंग प्रोफेशन के बारे के बारे में जानती नहीं थी। मेरे लिए यह जद्दोजहद रही कि एक महीने के अंदर अपने लिए कुछ कर लूं। या तो मुझे कुछ आशा की किरण दिखाई दे, या फिर अपनी बेटियों साथ मैंने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर लिया था। लेकिन मन में यह विश्वास जरूर था कि कुछ अच्छा होने वाला है। क्योंकि दुख के बाद सुख तो आता ही है। जब दुख की पराकाष्ठा होती है तो समझ लो कि अब सुख आने वाला है।

### दोनों बेटियां मशहूर ब्लॉगर

मुझे अपने जीवन में जो कुछ भी करना था, अपनी बेटियों के लिए करना था। मुझसे किसी कहा कि अगर आप इंडस्ट्री में यह बताकर काम करोगी कि बच्चे हैं तो लोग उसका गलत फायदा उठाएंगे, जो कि किसी भी इंडस्ट्री में होता है। जब मुझे लगा कि ऐसा हो सकता है तो नए नाम और नई पहचान से काम पर ध्यान देना शुरू किया। मैंने कभी इस बात का जिक्र नहीं किया कि परिवार में कौन है? बच्चों को बोर्डिंग में रखा। बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शनिवार को बच्चों से सिर्फ 10 मिनट लिए बात हो पाती थी। मां होने के नाते मुझे यह बहुत फील होता है कि उनको समय नहीं दे पा रही हूं। लेकिन मैं जो भी कर रही थी, उनकी भलाई के लिए कर रही थी। ताकि उनको एक अच्छा भविष्य दे पाऊं। आज मुझे अपनी बेटियों पर बहुत नाज है।



# शाहरुख के साथ काम करना चाहते हैं संदीप रेड्डी

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल कल रिलीज होने को तैयार है। ट्रेलर रिलीज से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। एनिमल की टीम भी पूरे देश में जमकर प्रमोशंस करती नजर आ रही है। एक इंटरव्यू के दौरान संदीप रेड्डी ने खुद को शाहरुख खान का बहुत बड़ा फैन बताया। उनसे पूछा गया कि वे किंग खान के साथ किस तरह की फिल्म बनाना चाहते हैं? इस पर डायरेक्टर ने जवाब दिया- मैं नहीं जानता कि मैं किस तरह की फिल्म बनाऊंगा, लेकिन मैं शाहरुख खान के साथ एक फिल्म जरूर बनाना चाहता हूं। संदीप रेड्डी ने शाहरुख के साथ हुई मुलाकात के बारे में भी बात की। हा था- मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं।

इतना ही नहीं डायरेक्टर ने कॉमेडी फिल्म बनाने की भी ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, मेरे पास एक कॉमेडी स्क्रिप्ट है, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं इसे कब शुरू करूंगा। हालांकि यह एक पारिवारिक कॉमेडी नहीं है। मैं आपको सटीक टॉपिक तो नहीं बता सकता, लेकिन कुछ सोचा जरूर है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार का मानना है कि संदीप रेड्डी को कॉमेडी फिल्म बनाते हुए देखना बहुत अच्छा एक्सपीरियंस होगा। भूषण कुमार ने कहा, संदीप की डायरेक्शन में कॉमेडी का एक बहुत ही अलग रूप देखने को मिलेगा। एनिमल में भी हर सीन एक नया सीन है। संदीप को कॉमेडी फिल्म बनाते हुए देखना कमाल का एक्सपीरियंस होगा।



# शाहिद कपूर ने द बुल से खींचे हाथ तब सलमान खान को मिली फिल्म

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने हाल ही में करण जौहर और विष्णुवर्धन के साथ अपनी आने वाली फिल्म के टाइटल की घोषणा की है। सुपरस्टार की आगामी फिल्म का नाम द बुल है। कथित तौर पर यह एक अर्धसैनिक अधिकारी की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसने 1988 में मालदीव में एक साहसी बचाव अभियान का नेतृत्व किया था। दिलचस्प बात यह है कि अक्तूबर 2021 में, रिपोर्ट आई थीं कि शाहिद कपूर को भी इसी शीर्षक और कथानक वाली एक फिल्म में कास्ट किया गया था। आदित्य निंबालकर द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म ब्रिगेडियर बुलसर के जीवन पर आधारित थी। हालांकि, शाहिद कुछ मुख्य कारणों से परियोजना से बाहर हो गए।

बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से द बुल फिल्म काफी चर्चा में है। इसी नाम से अक्तूबर, 2021 में एक फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे। हालांकि, फिल्म को काफी देरी का सामना करना पड़ा और शाहिद को इसके शूटिंग शेड्यूल के बारे में पता नहीं था। इसी कारण अभिनेता ने परियोजना से अपने हाथ खींच लिए। एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने प्रोजेक्ट की स्थिति के बारे में बताया था।

### अभिनेता ने दिया था बयान

शाहिद कपूर ने द बुल को लेकर चुप्पी तोड़ते हुए कहा था, द बुल पर काम नहीं हो रहा है क्योंकि हम इसे शुरू करने में भी सक्षम नहीं थे। यह कोविड के कारण एक मुश्किल परियोजना थी। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनका पता लगाने की जरूरत है क्योंकि फिल्म एक निश्चित पैमाने की गारंटी देती है। इसलिए, हमें बैठकर देखना होगा कि क्या द बुल बनाना संभव है या नहीं।



# रोहित रॉय ने किया खुलासा, अमिताभ बच्चन की वजह से बना अभिनेता

रोहित रॉय टेलीविजन इंडस्ट्री के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता लोकप्रिय शो सौभाग्यवती भव-2 के साथ टेलीविजन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। करणवीर बोहरा के शो में रोहित डीसीपी अविनाश के किरदार में आएंगे नजर। इस बीच अब रोहित रॉय ने एक मीडिया बातचीत में अपने शुरुआती करियर के बारे में बात की। अभिनेता ने खुलासा किया कि वे अमिताभ बच्चन की वजह से अभिनेता बने हैं। एक मीडिया बातचीत के दौरान रोहित रॉय ने बताया कि वे अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े फैन हैं। उन्हें देखकर ही अभिनेता ने अभिनय के करियर में कदम रखा। रोहित रॉय ने कहा, मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन हूं। उनकी फिल्म आज भी मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जिस तरह से अमिताभ बच्चन खुद को बड़े पर्दे पर पेश करते हैं, उनका यह अंदाज मुझे बेहद पसंद है। उनकी वजह से ही मैं एक अभिनेता हूं। रोहित रॉय ने आगे बताया कि उनकी इच्छा जंजीर फिल्म में अमिताभ बच्चन का किरदार निभाने की थी। अभिनेता ने कहा, मेरी शुरू से ही इच्छा जंजीर फिल्म में अमिताभ बच्चन का किरदार निभाने की थी। अभिषेक बच्चन को लेकर अभिनेता ने कहा, मुझे इस बात से थोड़ी जलन होती है कि मेरे दोस्त अभिषेक बच्चन का व्यवहार भी अमिताभ बच्चन जैसा ही है। अभिनेता ने अपने डीसीपी अविनाश के किरदार को लेकर कहा, मैंने पहले भी एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है, लेकिन सौभाग्यवती भव-2 का हिस्सा बनना, जो कि पहले से ही लोकप्रिय शो है इस किरदार ने मुझे छोटे पर्दे पर वापसी के लिए प्रेरित किया गया है।



# भाजपा के हार का कारण : भीतरघात, अंतर्कलह, गुटबाजी

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ का परिणाम चौकाने वाला रहा हैं। जहां भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है। तो वही दूसरी ओर कांग्रेस अब सत्ता के बाद विपक्ष की भूमिका में नज़र आएगी। कांग्रेस के कई दिग्गज धराशायी हो गए। लेकिन इन सब के बीच बालोद जिले का परिणाम चर्चाओं में हैं। जहां कांग्रेस ने जिले के तीनों विधानसभा में हैट्रिक जमाते हुए जीत दर्ज की हैं। जहां एक ओर कुछ दिग्गज मंत्रीगण हार गए है, तो वही दूसरी ओर भूपेश सरकार में इकलौती महिला कैबिनेट मंत्री रही अनिला भेड़ियाँ ने डौंडीलोहारा विधानसभा से लगातार तीसरी और ऐतेहासिक जीत दर्ज की है। 35 हजार 579 वोटों से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर को हराया है। तो वही संजारी बालोद विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने भाजपा के राकेश यादव को 27 हजार 488 एवं गुंडरदेही विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश सरकार में संसदीय सचिव रहे कुंवर सिंह निषाद ने भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू को 14 हजार 864 वोटों से हराया है। बीते एक दशक से भाजपा यहां अपना सूखा समाप्त नही कर पाई है। 2013 के बाद से जिले के तीनों विधानसभा में में से किसी एक में भी भाजपा यहां अपना खाता खोल नही पाई हैं। जिसकी मुख्य वजह भीतरघात, अंतर्कलह और गुटबाजी हैं। जो आज तलक जारी हैं।

**क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की नही हुई पूछ परख-** डौंडीलोहारा विधानसभा की बात करे तो यहां भाजपा ने देवलाल ठाकुर को प्रत्याशी बनाया था। जिसके बाद से लगातार उनका विरोध जारी था। भाजपा के वरिष्ठ नेता होरीलाल रावटे और डॉ. देवेंद्र माहला ने खुलकर विरोध जताते हुए प्रत्याशी बदलने तक कि मांग की थी। इतना ही नही हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र माहला एवं सामाजिक पदाधिकारीयों ने देवलाल को समाज से प्रत्याशी न होने की बात भी कही थी। इसके साथ ही बाहरी प्रत्याशी का भी नारा लगा। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से पूछ परख नही करने और बाहरी लोगों से विधानसभा में काम करने का भी आरोप लगा हैं। इसके साथ ही संगठन में गुटबाजी भी देवलाल ठाकुर के हार का कारण बनी हैं।

**जमकर हुआ भीतरघात-** संजारी बालोद में जमकर भीतरघात हुआ है। इस विधानसभा में आपसी अंतर्कलह और गुटबाजी से भाजपा हार गई। पार्टी सूत्रों की माने तो कुछ बड़े नेता घर से बाहर ही नही निकले। तो कुछ ने राकेश यादव को प्रत्याशी बनाये जाने के विरोध में काम नही किये। तो कुछ कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रही मीना साहू को सामाजिक दृष्टिकोण से सपोर्ट किया। हालांकि कांग्रेस के भी कुछ पदाधिकारी ने भी मीना साहू को समर्थन देते हुए चुनाव प्रचार प्रसार में नज़र आये थे। लेकिन कांग्रेस ने उन सभी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने पर 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। हालांकि यहां भाजपा ने अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही भीतरघातियों पर नही की है।

**खुलकर सामने आया अंतर्कलह-** गुंडरदेही विधानसभा मे तो खुलकर अंतर्कलह सामने आया। भाजपा से वीरेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद से लगातार भाजपा के नई नेताओ ने खुलकर विरोध किया। और प्रत्याशी बदलने की मांग तक कर डाली। भाजपा नेता पुष्पेंद्र चन्द्राकर, संध्या भारद्वाज, मोंटी यादव, राजेन्द्र राय, बालमुकुंद देवांगन सहित कई नेता वीरेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाये जाने से नाराज़ चल रहे थे। इन नेताओं ने तो चुनाव लड़ने की मंशा बनाते हुए नामांकन फार्म भी ले लिया था। हालांकि बाद में भाजपा रूठो को मनाने में कामयाब हो गई थीं। लेकिन अंतर्कलह जारी रही। जिसका परिणाम वीरेंद्र साहू के हार के रुप में सामने आया। वही राजेन्द्र राय ने भाजपा से बागी होकड जकांछ से चुनाव लड़ा और फिर दूसरी बार बुरी तरह हार गए।

# चश्में की दुकान में आग लगने से पति-पत्नी झुलसे




पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र के रामनगर शनि मंदिर के पास एक चश्में की दुकान में आग लग गई। आग की चपेट में पालतू कुत्ते की जलकर मौत हो गई। कुत्ते के बचाने के चक्कर में दुकान मालिक और उसकी पत्नी भी झुलस गए, दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और दमकल कर्मी पहुंचे और आग को बुझाया। आग शॉट सर्किट से लगने की संभावना जताई जा रही है। इस आग से दुकान मालिक को लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। राम नगर शनि मंदिर के पास बीवीएलके चश्मा दुकान में भीषण आग लगी है।आग लगने से आस पास के क्षेत्र में सनसनी फै ल गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दिया जिसके बाद दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग की चपेट में आने से दुकान मालिक के पालतू कुत्ते की जलकर मौत हो गई वही कुत्ते को बचाने के गए दुकान मालिक और उसकी पत्नी भी आग से झुलस गए। दुकान मालिक समीर गुप्ता और उसकी पत्नी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

# भाजपा के युवा प्रत्याशी विजय शर्मा की जीत पर जश्न में डूबे कार्यकर्ता



पायनियर संवाददाता ≺ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार में कद्दावर मंत्री और कवर्धा विधायक मो. अकबर को कवर्धा विधानसभा से 39592 मतों से करारी शिकस्त देकर कवर्धा की सत्ता अपने नाम करने वाले कवर्धा विधानसभा से भाजपा के युवा प्रत्याशी विजय शर्मा की जीत के जश्न में कवर्धा के नागरिक शामिल हुए। लोगो ने घर घर दीपक जलाकर अपने खुशियों का प्रदर्शन किया,तो वही शहर से लेकर गाँव गाँव मे खूब आतिशबाजी की गई। लोगो ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कवर्धा को दबाव की राजनीति से मुक्ति मिली। लोगो ने कहा दूसरी बार हमें दिवाली मनाने का मौका मिला है । परिणाम मात्र से ही कवर्धा में नया उत्साह का संचार हो रहा है। देर रात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भाजपा प्रत्याशियों को विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसके बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा अपने विजेता प्रत्याशियों का गाजे-बाजे, आतिषी धमाकों के साथ विजय जुलूश निकाला गया।

# बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में सन 1985 के बाद नहीं बन पाया लगातार कोई विधायक दूसरे बार

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में सन 1985 के बाद लगातार कोई भी व्यक्ति लगातार विधायक नहीं बन पाया यह परंपरा मिथक इस वर्ष हुए विधानसभा चुनाव परिणाम में भी क़ायम रहा ।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन दिसंबर को हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दीपेश साहू ने कांग्रेस के प्रत्याशी आशीष छाबड़ा को वोट 9134वोट से पराजित किया इसके साथ ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए चली आ रही मिथक इस बार भी कायम रहा अभी तक सन 1985 के बाद से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति लगातार दो बार विधायक नहीं बन पाया है इसके पहले सन 2018 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आशीष छाबड़ा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अवधेश चंदेल को पराजित किया था जिले के बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में सन 1998 से भले ही भाजपा कांग्रेस राजनीतिक पार्टी के बीच में ही हार जीत का फै सला हो रही है परंतु बेमेतरा विधानसभा का एक इतिहास ऐसा भी है जो शायद किसी भी विधानसभा का नहीं होगा क्योंकि बेमेतरा विधानसभा में अभी तक बीते 38 साल में कोई भी व्यक्ति लगातार दूसरी बार विधायक नहीं बन पाया है यह मिथक सन 1990 से चल रही है जो 2023 तक भी जारी रहा ।

**लगातार दो बार बने वर्मा विधायक :** सन् 1985 में रविंद्र सिंह वर्मा लगातार दो बार विधायक बनने के बाद कोई भी दुसरा व्यक्ति लगातार दुबारा विधायक नहीं बना है इस संबंध में जानकारी के अनुसार सन 1980 में कांग्रेस ने पहली बार रविंद्र सिंह वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया इसके विरोध में भाजपा के घनश्याम सिंह ठाकुर थे जिसमें घनश्याम सिंह ठाकुर को




8494वोट मिला वहीं रविन्द्र सिंह वर्मा 16894 वोट लेकर विधायक बने दूसरी बार भी कांग्रेस से रविंद्र सिंह वर्मा सन् 1985 में विजयी रहे उन्होंने भाजपा के चिमनू राम साहू को 6574वोट से पराजित कर दोबारा विधायक बने थे वर्मा को 21701 वोट मिला था वही साहु को 15127वोट प्राप्त हुआ था इस संबंध में जानकारी है कि दूसरे कार्यकाल के दौरान ही वर्मा को हार्ट अटैक आया था जिसके चलते उनका निधन हो गया था इसके बाद से लेकर अभी तक कोई भी व्यक्ति लगातार दो बार विधायक नहीं बन पाया है।

**सन् 1990 से अल्टरनेट बनते आ रहे हैं विधायक :** 1990 से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक बनने का जो सिलसिला था उसमें व्यापक रूप से परिवर्तन हुआ जो अभी तक जारी है 1990 के विधानसभा चुनाव के बाद से एक के बाद एक व्यक्ति अल्टरनेट विधायक बनते आ रहे हैं सन 1990 में पहली बार जनता दल के प्रत्याशी के रूप में महेश तिवारी चुनाव जीतकर विधायक बने थे उन्हें 19238 वोट मिला था वहीं कांग्रेस के चैतराम वर्मा को 14344 वोट प्राप्त हुआ था इस तरह 4894 वोट से चेतराम वर्मा को पराजित से पराजित होना पड़ा था किंतु 1993 में मध्यवर्ती चुनाव हुआ और मध्यवर्ती चुनाव में कांग्रेस से नया प्रत्याशी के रूप में डॉक्टर चेतन वर्मा सामने आए जिनका मुकाबला जनता दल के महेश तिवारी के साथ था इस चुनाव में चेतन वर्मा को 29063 वोट मिले वहीं महेश तिवारी को 25862 और प्राप्त हुए थे इस तरह 37 41 वोट से तिवारी को हार का सामना करना पड़ा था।

**98 में भाजपा से पहली बार महेश तिवारी बने विधायक :** 5 साल के बाद फिर सन् 1998मे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव हुआ जिसमें महेश तिवारी पहली बार भाजपा से टिकट लेकर चुनाव मैदान में आए जिन्हें 33721 वोट मिले वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में डॉक्टर चेतन वर्मा को 31049 और प्राप्त हुए इस तरह 2672मत से डाक्टर वर्मा हार गए इसके विपरीत सन 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में डॉक्टर चेतन 122 42 वोट से चुनाव जीत गए उन्होंने भाजपा प्रत्याशी शारदा महेश तिवारी को पराजित किया थे चेतन वर्मा को 39830 वोट मिले थे जबकि शारदा महेश तिवारी को 27588 वोट प्राप्त हुआ था। सन 2013 में फिर एक बार स्थिति में परिवर्तन हुआ यहां सन 2008 में ताम्रध्वज साहू कांग्रेस से चुनाव लड़े थे जिन्हें 570 82वोट प्राप्त हुआ था वही पहली बार अवधेश चंदेल भाजपा की तरफ से चुनाव लड़े थे जिन्हें 50 609 वोट मिला था इस तरह चंदेल6473वोट से पराजित होना पड़ा। वही सन 2008 में फिर भाजपा से अवधेश चंदेल और कांग्रेस से ताम्र ध्वज साहू फिर लड़े जिसमें अवधेश चंदेल को 74162 वोट मिला वहीं साहू को 59048 वोट प्राप्त हुआ था इस तरह साहू 15114 वोट से हार गए।

# धान उठाव में आई तेजी, 4.81 लाख क्विंटल से अधिक का हो चुका है परिवहन

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com




राइस मिलरों की हड़ताल खत्म होने के बाद धान के उठाव में तेजी आ गई है। खरीदी का 30.57 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। सोमवार तक कि स्तिथि में 4 लाख 82 हजार 918 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है। जिसके बाद जिले के 143 केन्द्रो 10 लाख 88 हजार 36 क्विंटल धान का स्टॉक मौजूद है। मिली जानकारी अनुसार सोमवार तक जिले के 43 हजार 84 किसानों से 15 लाख 76 हजार 654 क्विंटल धान की खरीदी की आज चुकी है। धान बेचने वाले किसानों का कुल फसल का रकबा 53 हजार 683 हेक्टेयर है। खरीदे गए धान की कुल राशि 346 करोड़ 11 लाख 26 हजार 723 रुपये है। वही 127.86 लाख की लिंकिंग वसूली की गई है। उल्लेखनीय हो कि जिले के 143 खरीदी केंद्र बनाए गए है। कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 1 लाख 49 हजार 199 हैं। जिनका कुल रकबा 3 लाख 26 हजार 918 हेक्टेयर हैं। बता दे कि सोमवार को 143 केंद्रों के लिए 3 हजार 996 टोकन 1 लाख 59 हजार 88 क्विंटल के जारी किए गए थे। किंतु 3 हजार 433 टोकन से 1 लाख 22 हजार 259 क्विंटल की खरीदी की गई। वही आज मंगलवार के लिए 143 खरीदी केंद्रों के लिए 3 हजार 752 टोकन 1 लाख 53 हजार 61 क्विंटल का जारी किया गया है।

## बफर लिमिट केंद्र की संख्या हुई कम

धान के तेजी से उठाव के चलते अब बफर लिमिट के ऊपर केंद्र की संख्या कम हो गई है। जिले में वर्तमान में 12 खरीदी केंद्र ही ऐसे है जहां बफर लिमिट के ऊपर धान है। सिब्दी में 3 हजार 178 क्विंटल, कोड़ेकसा में 2 हजार 428 क्विंटल, फरदफोड़ में 2 हजार 906 क्विंटल, घीना में 2 हजार 351 क्विंटल, कमकापार में 2 हजार 342 क्विंटल, भीमकन्हार में 2 हजार 209 क्विंटल, तवेरा में 2 हजार 177 क्विंटल, अछोली में 5 हजार 38 क्विंटल, भन्डेरा में 5 हजार 334 क्विंटल, नाहन्दा में 4 हजार 551 क्विंटल, देवरी/मार्री में 2 हजार 458 क्विंटल, और रानाखुज्जी खरीदी केंद्र में 3 हजार 338 क्विंटल धान का स्टॉक बफर लिमिट के ऊपर हैं। दरअसल इन 12 केंद्रों की मात्रा 34 हजार 273 क्विंटल की है, लेकिन यहां 38 हजार 315 क्विंटल धान का स्टॉक है।

## दो दिन बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिन यानि कि 8 दिसंबर तक बारिश होने की संभावना जताई है। वही अगले 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नही है। जिसमें आज मंगलवार और कल बुधवार को बालोद जिले के कुछ स्थानों में बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया गया है। आज जिले के एक दो स्थानों में और कल बुधवार को कुछ स्थानों में बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया गया है। वही सोमवार को दिनभर बदली छाई रही। बारिश की संभावना को देखते हुए केंद्रों में धान को सुरक्षित कैप कव्हर से ढकने के निर्देश दिए हैं।

# मोबाइल लूटने वाले दो नाबालिग गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मोबाइल लूटने वाले दो नाबालिग पकड़े गए है। फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय रवि देवागंन थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि फ्लिपकार्ट में आईफोन- 12 की चार मोबाइल के लिए रिक्वेस्ट भेजा गया था। जब मोबाइल लेकर डिलीवरी बॉय बताए गए पते पर ब्राम्हणपारा पर चला गया ब्राम्हणपारा जाने के बाद में उस लोकेशन से दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन लगाया जो आरोपी ग्राहक दिए गए एड्रेस की जगह ग्राम मोहलाई आ जाओ अभी मैं यहीं रह रहा हूं बताया डिलीवरी बाय उस पते पर गया तो आरोपी ग्राहक द्वारा बोला गया कि मोबाइल के डब्बे को खोलकर दिखाओ जैसे ही उसने एक डब्बे मोबाइल खोल कर दिखाया और बाकी तीन मोबाइल को भी बाहर निकाल कर रखवाकर आरोपी क एक अन्य साथी जो एक्सेस गाड़ी में बैठा हुआ था तीनों मोबाइल को लुट कर ले गए एक मोबाइल वहीं गिर गया। प्रार्थी के द्वारा दोनो आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था जिससे प्रार्थी रवि देवागंन एक्सेस गाडी से घसीटते हुये उसके पैर में चोट आ गया। इस की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 677/2023 धारा 394, 120बी भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। शिकायत के बाद आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया और जिस नंबर से कॉल आया था उसको साइबर की मदद से लोकल मुखबीर से भी इस प्रकार के वारदात करने वाले की पूछताछ की जा रही थी तकनिकी साक्ष्य और मुखबिर के आधार पर दो लड़को को पकड़ा गया।

## भाजपा नेता योगेश तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की बताई जीत

# भाजपा की जीत से पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की अप्रत्याशित जीत के साथ जिले की बेमेतरा, साजा व नवागढ़ विधानसभा में भाजपा की जीत से पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला मुख्यालय में आतिशबाजी का दौर जारी है। तीनों विधानसभा सीटों की मतगणना जिला मुख्यालय में कृषि उपज मंडी प्रांगण में हुई। इस दौरान दोनों पार्टी के हजारों समर्थक मतगणना स्थल के बाहर इकट्ठा रहे और अपनी-अपनी पार्टी के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे। भाजपा नेता योगेश तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, विकास तंबोली समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता दिन भर मतगणना स्थल पर डटे रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओ की बदौलत मिली जीत

भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा प्रदेश की जनता के आशीर्वाद व कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत जिले की तीनों विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिलने से लोगों में मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है और विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत दिलाई।



## ईश्वर साहू की अप्रत्याशित जीत ने कांग्रेस के लिए सबक

पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी का कुशल नेतृत्व भी कि इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साजा विधानसभा में सात बार के विधायक रहे रविंद्र चौबे की हार ने तय कर दिया कि जनता से विमुख रहने वाले नेताओं को अब क्षेत्र की जनता स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा प्रत्याशी ईश्वर साहू के परिवार के दुख की घड़ी में कांग्रेस विधायक व मंत्री रविंद्र चौबे एक बार भी सांत्वना देने नहीं पहुंचे। जो उनकी हर का मुख्य कारण बना।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाया जमकर जश्न

भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न बनाया। इस दौरान राकेश मोहन शर्मा, नीतू कोठारी, नीलू ठाकुर, रोशन दत्ता, अनिल माहेश्वरी, परस वैष्णव, गुड्डा पूरी, अमरीका निर्मलकर, महेश ठाकुर, गोलू साहू, धर्मेंद्र साहू, शेखर ठाकुर, हरि साहू, तुषार साहू, लाला राम साहू, नालेश्वर साहू, राजकुमार चौहान, प्रकाश साहू, डॉ डोसन साहू, देवराम साहू, डेरहा देवांगन, भागीरथी साहू, छोटूराम साहू, ओमप्रकाश सलूजा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ सक्ति जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना का कार्य

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com





नवगठित सक्ति जिले में 3 दिसंबर को तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया, सुबह से ही नंदेलीभाटा स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें जिला प्रशासन सहित जिला पुलिस भी पूरी सक्रियता के साथ सजग रही एवं दिन भर चले मतगणना कार्य के पश्चात देर शाम अंतिम चक्र के मतगणना परिणाम घोषित किए गए तथा सभी विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया पूरे मतगणना के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शक्ति जिले की आईएएस कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं शक्ति जिले के आईपीएस पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे के दिशा निर्देशन में पूरा अमला लगा रहा, रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती पंकज डाहिरे से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 35-सक्ती से चरणदास महंत को 81,519 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः डॉ. खिलावन साहू को 69,124, भैया जितेंद्र चौहान को 3,464, अनुभव तिवारी ( अन्नू भैया ) को 2752, राजकुमार पटेल को 672, धरम लाल कंवर को 616, मोतीराम साहू को 491, राजेंद्र साहू को 374, घनश्याम सिंह सिदार को 289, भीम कुमार पटेल को 270, कमला बरेठ को 234, खिलावन साहू को 212, जुगल किशोर भारती को 189, फागुलाल जयसवाल को 103 मत प्राप्त हुए। साथ ही इनमें से कोई नहीं (नोटा) के 909 वोट पड़े, इस तरह चरण दास महंत 12,395 मतों से विजयी हुए,विधानसभा क्षेत्र 37-जैजैपुर के अंतिम 20वे चक्र के उपरांत मतगणना के परिणाम में रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर अरूण कुमार सोम से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 37-जैजैपुर से बालेश्वर साहू को 76747 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः कृष्णकांत चंद्रा को 50825, केशव प्रसाद चन्द्रा को 26877, ओमप्रकाश बंजारे को 10405, टेकचंद चन्द्रा को 3330, दुर्गा लाल केंवट को 1852, आलोक कुमार सोनवानी को 717, नीतू कुर्रे को 526, हिन्देश कुमार यादव को 480, मनोज कुमार बंजारे को 349, सर्वेश कुमार गुप्ता को 338, रामपाल कश्यप को 325, भोजराम खूंटे को 259, उर्मिला खूंटे को 209, सनिव कुमार डहरे को 195 मत प्राप्त हुए। साथ ही इनमें से कोई नहीं (नोटा) के 840 वोट पड़े,इस तरह बालेश्वर साहू 25922 मतों से विजयी हुये, विधानसभा क्षेत्र 36-चंद्रपुर के अंतिम 19वे चक्र के उपरांत मतगणना के परिणाम-रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चंद्रपुर दिव्या अग्रवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 36-चंद्रपुर से रामकुमार यादव को 85525 मत प्राप्त हुए। वहीं क्रमशः संयोगिता युद्धबीर सिंह जूदेव को 69549, लालसाय खूंटे को 16898, गणेश राम चालाक को 680, सौरालाल भगत को 654, हिन्देश कुमार यादव को 647, अजीत कुमार को 599, कन्हैया लाल साहू को 499, हीरासिंह कुर्रे को 350 मत प्राप्त हुए। साथ ही इनमें से कोई नहीं (नोटा) के 1028 वोट पड़े,इस तरह रामकुमार यादव 15976 मतों से विजयी हुए

# शिव के रौद्र स्वरूप है बाबा कालभैरव : पं द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जहां बटुक भैरव अपने भक्तों को अभय देने वाले सौम्य स्वरूप में विख्यात हैं वहीं काल भैरव आपराधिक प्रवृत्तियों पर नियंत्रण करने वाले प्रचण्ड दंडनायक के रूप में प्रसिद्ध हुए। वहीं काल भैरव को भैरवनाथ का युवा रूप तो बटुक भैरव को भैरवनाथ का बाल रूप कहा गया है। पं अतुल द्विवेदी के अनुसार कालभैरव आप के सभी कस्ट का नाश करते है आज मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी कालभैरव जंयती के रूप में मनाई जाती है .हिंदू शास्त्रों के अनुसार, काल भैरव को भगवान शिव का रौद्र रूप माना जाता है। इसलिए इनकी जयंती के दिन विधिवत पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में खुशियां ही खुशियां बनी रहती हैं। इसके साथ ही हर तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। माना जाता है कि अगर जातक के ऊपर काल भैरव जी प्रसन्न हो जाएंगे, तो वह नकारात्मक शक्तियों के अलावा ऊपर बाधा और भूत-प्रेत की जैसी समस्याएं नहीं होती है।

## काल भैरव प्रकट कैसे हुवे

कालभैरव जयंती का दिन काल भैरव के साथ भगवान शिव की आराधना करने का विशेष महत्व है।पं द्विवेदी के अनुसार जब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश में इस बात में बहस छिड़ गई थी कि सबसे श्रेष्ठ कौन है, तो ऐसे में ब्रह्मा जी ने भगवान शिव को कुछ अपशब्द कह दिए थे, जिससे वह अधिक क्रोधित हो गए है। इके बाद भगवान शिव के माथे से भैरव प्रकट हुए। उनका रौद्र रूप देखकर हर कोई डर गया और इसी समय उन्होंने भगवान ब्रह्मा का एक सिर काट दिया, जिससे उनके चार सिर हो गए। इसके बाद सभी देवी-देवताओं ने उन्हें शांत किया और वह पुनः शिव जी के स्वरूप में वापस आ गए। लेकिन उन्होंने ब्रह्म हत्या कर दी थी। ऐसे में उन्होंने इस पाप से मुक्ति पाने के लिए काशी की शरण ली और वहीं पर रहकर पापों से मुक्ति पाई।

## भगवान का भोग

बाबा को इमारती,जलेबी,मदिरा,एवम मीठे भजिये का भोग प्रिय है कहा जाता है जिस किसी के कुंडली मे राहु की महादशा अन्तर्दशा चल रही उनको बाबा कालभैरव की विशेष पूजा करनी चाहिए

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर, मेरे उभरते सितारे के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह-अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को बाबा सिद्धेश्वर की नगरी भोलेनाथ जी के धाम बरगढ़ी (बम्हनीडीह) में मेरे उभरते सितारे के तहत छाया डडसेना (आयोजक) और उनके सहयोगी किरण, खोवाराम, साक्षी, काजल, रूपनारायण, ज्योति , सुभम, अमन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए पेंटिंग, गीत, नृत्य, का कार्यक्रम रखा गया। जिससे बच्चे बहुत प्रोत्साहित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप हरिराम डडसेना (जिला ए. पी. सी) रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि छाया डडसेना का यह कदम बहुत सराहनीय है। इस अवसर पर मयंक रुहेला (एक कदम और फाउंडेशन), शशीबाला (स्पेशल शिक्षिका बी. आर. पी.) सहित शिक्षक और पालक की भारी संख्या में उपस्थिति रही। छाया डडसेना ने बताया कि यह प्रेरणा उन्हें अपने दादा धनीराम डडसेना से मिला है। जीवन में कुछ भी हो पर हार न मानो। सभी के आशीर्वाद से यह अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस समारोह सफल आयोजित हुआ।

# कापू से ह्यूमन ट्रैफिकिंग का मामला आया सामने, नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने महानगर लेकर जा रहे 3 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों को अपहरण व मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के नेतृत्व पर कापू और धरमजयगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मानव तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए 4 नाबालिग लड़कियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराकर उनके परिवारजन को सौंपा गया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों को अपहरण और मानव तस्करी की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। विदित हो कि जिले के धरमजयगढ़ और लैलूंगा तहसील के कुछ गांव से युवक युवतियों एवं नाबालिकों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने के बहाने प्लेसमेंट एजेंसियो के हवाले किये जाने की घटनाएं पूर्व में आती रही है जिन पर प्रशासन व पुलिस द्वारा कार्यवाही से इन घटनाओं पर अंकुश लगाया गया जिसमें पुलिस के आपरेशन मुस्कान की अहम योगदान रहा है। साथ ही पुलिस समय-समय पर गांव-गांव में जन चैपाल एवं चलित थाना जैसे कार्यक्रम कर ग्रामीणों को जागरुक कर रही है कि ऐसे प्रलोभन में ना आये और ऐसी कोई भी सूचना तत्काल नजदीकी थाने को दिया जावे। इसी क्रम में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को गत दिनों ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम पारेमेर का पुनाराम यादव, दुर्जन यादव और पुनाराम का लड़का खीरो सागर कुछ गांव में लड़के-लड़कियों को महानगरों में अच्छा काम दिलाने को लेकर चर्चा किया गया है। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को उनके झांसे में ना आकर पुनाराम और उनके साथियों पर निगाह रखने कहते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी से अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को अनुविभाग के थानों की टीम बनाकर संदेहियों को तत्काल हिरासत में लेकर विधि अनुरूप कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी बीच 30 नवंबर के सुबह थाना प्रभारी कापू को पुनाराम यादव और उसके साथियों द्वारा क्षेत्र की 4 नाबालिक लड़कियों को काम दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर लाकर गांव से ले जाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा आरोपियों पर अपहरण एवं मानव तस्करी की धाराओं के तहत अपराध कायम कर तत्काल थाना प्रभारी कापू द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अंतराल के थाने धरमजयगढ़, पत्थलगांव, घरघोड़ा, छाल, लैलूंगा, चैकी रैरूमाखुर्द को नाबालिक लड़कियों एवं संदेहियों की जानकारी देकर पतासाजी हेतु कहा गया।

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा अपने थाने की टीम के साथ तत्काल धरमजयगढ़ बस स्टैंड पहुंचे। जहां 3 व्यक्तियों के साथ 4 नाबालिक लड़कियां बस का इंतजार करते मिली जिन पर संदेह होने से थाना प्रभारियों द्वारा तीनों व्यक्यिों से पूछताछ किया गया जिनका जवाब संतोषजनक प्राप्त नहीं होने पर महिला कांस्टेबल द्वारा लड़कियों को अपने विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर लड़कियों ने बताया कि वे तीन व्यक्ति उन्हें काम दिलाने के लिए बस से रायगढ़ और रायगढ़ से दूसरे शहर लेकर जा रहे हैं । थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा थाना प्रभारी कापू को संदेहियों को हिरासत में लिये जाने की जानकारी साझा करने पर थाना प्रभारी कापू द्वारा गवाहों एवं बालिकों के परिजनों के समक्ष बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच किया जिसमें सभी लड़कियां नाबालिक पाई गई जिन्हें उनके परिजनों की सहमति के बिना आरोपियों द्वारा बहला-फुसलाकर अन्यत्र स्थान ले जाना पाया गया।

# ओपी की प्रचंड जीत जनता के भरोसे की जीत : विकास केडिया

- मतदाताओं के भरोसे व आशीर्वाद से छग में एक बार फिर बन रही है भाजपा सरकार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के रुझानों और अब तक आए नतीजों को देखने से स्पष्ट है कि राज्य में एक बार फिर बीजेपी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। दोपहर तक आए परिणामों और अंतिम दौर के रुझानों के बाद रायगढ़ जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि स्थानीय स्तर पर उन्हें भी इतनी बड़ी जीत का अंदाजा नहीं था, हालांकि जीत को लेकर वे पहले दिन से ही पूरी तरह से आश्वस्त जरूर थे, लेकिन स्थानीय नेतृत्व को लेकर इतना बड़ा अंडरकरंट था इसका अंदाजा उनको भी नहीं था। भाजपा नेता श्री केडिया ने कहा कि अंतिम दौर के रुझानों और अब तक आए परिणामों को देखकर स्पष्ट है कि छग में अब पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बन रही है और राज्य के जागरुक मदादाताओं ने सिरे से मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी कांग्रेस शासित सरकार पर अविश्वास जताते हुए देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और केंद्र की भाजपा सरकार के नौ सालों के कार्यों पर भरोसा जताया है। आगे भाजपा नेता केडिया ने कहा कि चुनाव के परिणाम से एक बात साफहै कि छग की जनता ने भूपेश बघेल की बातों और वायदों को सिरे से नकार दिया है और भाजपा को जनता ने पूरा आशीर्वाद और समर्थन दिया है। जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व और गारंटी पर भरोसा जताया।

पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जो समय दिया और बीजेपी सरकार की जो साढ़े 9 साल की उपलब्धियां हैं, जनता ने उस पर भरोसा जताया है।

# टक्कर के बाद घर में घुसा खड़ा ट्रेलर, बाल-बाल बचे लोग, तमनार क्षेत्र का मामला



पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

तमनार क्षेत्र के ग्राम पंचायत हमीरपुर में बीती रात मुख्य मार्ग पर सडक किनारे खड़ी ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर के द्वारा ठोकर मारे जाने के कारण खड़ी ट्रेलर रिहायशी मकान में घुस गई। इस घटना में घर में मौजूद लोग बाल-बाल बचे हैं। वहीं ठोकर मारने वाले ट्रेलर का चालक भी इस घटना में घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार तमनार के ग्राम पंचायत हमीरपुर मे बीती रात हीरा बारिक के घर के सामने वाहन न ओ डी 23बी 8272 को हीरा बारिक के ड्राईवर सुभाष परजा ने रात्री 11 बजे खड़ा कर भोजन करने गया था। 12 रात को अचानक तेज आवाज ट्रेलर का सुनाई दिया। सुरेश माझी ने जोर से पुकारा की ट्रेलर घर में घुस रहा है हीरा बाहर निकलो तभी घर के लोग बाहर निकलकर देखा तो एक ट्रेलर वाहन न ओ डी 16 के 9454 ने घर के सामने रोड में खड़े वाहन को ठोकर मारकर घर के बरामदा को चीरते खड़ा था ड्राइवर बेहोश था मुंह से खून निकल रहा था जो अपने सीट पर दब गया था उसे आसपास के लोगो की सहयोग से निकाला गया। फिर 112 को डायल कर तमनार पीएससी ईलाज हेतु भेजा गया। वाहन मालिक को फोन में सुचना दी गई। यह बहुत बड़ा दुर्घटना होते होते टल गया घर में सबलोग सो रहे थे। रात का समय होने से मुख्य मार्ग होने के कारण हर समय भारी वाहनों का एवम आम नागरिको का आना जाना रहता है। हमारे क्षेत्र में आए दिन इस प्रकार के घटना को अंजाम दे रहे हैं। रात को नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाते है। हम रोड़ किनारे घर वालों को हमेशा भय के साए मे जीना पड़ रहा है।

# बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी पार्टी हाईकमान की : विजय अग्रवाल

## पार्टी की एकजुटता और लोगों का भरोसा बना ओपी की बड़ी जीत

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में जहां राजधानी रायपुर की एक सीट से बृजमोहन ने सबसे बड़ी जीत हासिल करके सभी को चौका दिया है वहीं रायगढ़ विधानसभा सीट से ओपी चौधरी ने भी बड़ी जीत हासिल करके छत्तीसगढ़ में दूसरी बड़ी फतह पाई है। विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होनें से पहले रायगढ़ शहर में ओपी चौधरी की जीत को लेकर बैनर पोस्टर देर रात से ही लगा दिये गए थे और उनके समर्थकों में मतदान के बाद से ही खासा उत्साह देखा जा रहा था। अब रायगढ़ विधानसभा सीट पर पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी की रिकार्ड मतों से जीत के पीछे रायगढ़ के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। पार्टी ने उन्हें इस चुनाव का न केवल प्रभारी बनाया था बल्कि उन्हें इस बात की भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि ओपी चौधरी के चुनाव में पूरी एकजुटता के साथ काम करके उन्हें जीताकर विधानसभा भेजना है। जिले की तीन विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद अकेले रायगढ़ विधानसभा से भाजपा की जीत पर पूर्व विधायक का कहना था कि कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता के बीच ओपी चौधरी यूथ आईकॉन के नाम से जाने जाते हैं और पार्टी पूरी एकजुटता के साथ उनको जीताने के लिये जुटी हुई थी और उसी का नतीजा है कि यह बड़ी जीत मिली। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने जनता से जो अपील की थी कि वे उनको जीताये और बड़ा आदमी बनाने की जिम्मेदारी उनकी के सवाल पर विजय अग्रवाल का कहना था कि पार्टी की अपनी रणनीति का यह हिस्सा था और रायगढ़ की जनता भी चाहती है कि ओपी चौधरी को बडा दायित्व मिले और यह बड़ा दायित्व होगा यह पार्टी हाईकमान पर निर्भर है।

## छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव ने रचा इतिहास

# भरोसे की सरकार को नकारा जनता ने, मोदी की गारंटी का चला जादू

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 की 3 दिसंबर को हुई मतगणना ने राजनीतिक रूप से अनेकों मायने में एक इतिहास रचा है, छत्तीसगढ़ प्रदेश में जहां भरोसे की सरकार को जनता ने नकार दिया तो वहीं मोदी की गारंटी का जादू पूरे प्रदेश में चल गया, 3 दिसंबर को मतगणना के बाद आए परिणामों ने जहां बीजेपी कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दालों में बेचैनी ला दी है, तथा कांग्रेस जहां सरकार जाने एवं उम्मीद से कम सीटे आने से बेचैन है, तो वहीं भाजपा को भी इतनी सीट आने की उम्मीद नहीं थी साल 2003 से 2018 तक छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार हुए चुनाव का इतिहास देखा जाए तो भाजपा ने कभी इतनी सीटे हासिल नहीं कि जितना की 2023 में भाजपा को सीट मिली है,वहीं वतर्मान में कांग्रेस सरकार के अनेको दिग्गज मंत्री भी चुनाव हार गए तो वहीं मुख्यमंत्री का ख्वाब देख रहे टीएस बाबा स्वयं विधायक बनने लायक भी नहीं रहे, वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश में जहां भाजपा खेमे में इस अप्रत्याशित परिणाम से उत्साह देखा जा रहा है तो वहीं कांग्रेस प्रदेश की सत्ता जाने को पचा नहीं पा रही है तथा प्रदेश में अनेकों दिग्गज मंत्री जो की अपने घमंड के कारण अपनी आदतों में सुधार नहीं ला पाए उनको जनता ने धरती पर उतार दिया तथा ऐसे ऐसे विधायक पद के प्रत्याशी जिन्होंने कभी जीत की कल्पना नहीं की थी वे भी इस चुनाव में सिरमौर होकर जनता ने उन्हें अपना विधायक बना लिया, शक्ति विधानसभा क्षेत्र में जहां डॉक्टर चरण दास महंत ने अपने निकटतम प्रत्याशी भाजपा के डॉक्टर खिलावन साहू को लगभग 12203 मतों से पराजित किया तो वहीं राजनीतिक इतिहास में देखा जाए तो अभिभाजित जांजगीर चांपा जिले की सभी 6 की 6 सीट पर कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया, छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद यह पहली बार देखा गया है कि जांजगीर चांपा जिले की तीन सीट एवं नवगठित शक्ति जिले की तीनों सीटों पर कांग्रेस का कब्जा रहा एवं जनता ने बहुजन समाज पार्टी को भी कहीं ना कहीं नकार दिया है, वहीं आम आदमी पार्टी ने भी कोई विशेष प्रभाव विधानसभा चुनाव में नहीं छोड़ा, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में लोग भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव की जीत की बात कह रहे थे किंतु रामकुमार यादव ने फिर से चुनाव जीतकर यह बता दिया की जनता कहीं ना कहीं काम करने वालों को पुनः मौका देती है, वहीं जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में दो बार विधायक रहे बसपा के केशव चंद्रा को भी जनता ने नकारकर वहां कांग्रेस के बालेश्वर साहू को जीत दिला दी तथा वहां से भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा प्रत्याशी थे जिन्हें हार का सामना करना पड़ा, वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को भी उन्हीं के एक समय राजनीतिक सहयोगी रहे व्यास नारायण कश्यप ने चुनाव हराकर एक रिकॉर्ड दर्ज कर दिया. अकलतरा विधानसभा क्षेत्र से देखें तो दो बार विधायक रहे सौरभ सिंह को उनके ही परिवार के एक सदस्य ने उन्हें चुनाव हराकर कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अपनी जीत दर्ज की है, वहीं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहली बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की है तथा कांग्रेस की शेषराज हरवंश ने पामगढ़ का चुनाव जीता है शक्ति जिले की चुनावी मतगणना के दौरान देखा जाए तो शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में शक्ति के मंडी प्रांगण में सुबह से ही मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ और बहुत ही व्यवस्थित ढंग से कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपूर्ण कार्य संपन्न हुआ तथा चुनाव परिणाम आने के बाद जहां शक्ति और जांजगीर चांपा जिले की बात करें तो कांग्रेस खेमे में विधायक पद मिलने का उत्साह जरूर रहा, किंतु सरकार जाने का गम भी रहा,वहीं भाजपाइयों में भी सरकार आने का उत्साह तो रहा किंतु एक भी सीट विधायक के रूप में ना आने का गम रहा जिसके चलते जो उत्साह मतगणना परिणाम के बाद दिखाना था वैसा कुछ नजर नहीं आया सुबह से ही लोग टीवी चैनलों पर एवं विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से परिणाम जानने डटे रहे तथा देर शाम तक लगभग सीटों के परिणाम आए वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश की बात करें तो 3 दिसंबर को आए मतगणना के परिणामों ने अब अगले मुख्यमंत्री की चर्चाओं को तेज कर दिया है भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने की स्थिति में अब जहां नए चेहरों की तलाश में राजनीतिक आकलन हो रहा है तो वही लोग महिला मुख्यमंत्री बनने की भी बात कह रहे हैं तो आखिर में महिला मुख्यमंत्री कौन बनेगी इस बात को लेकर कयास लगाया जा रहा है तो वहीं कुछ लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह ने विगत दिनों रायगढ़ आगमन पर ओपी चौधरी को चुनाव जीतने एवं उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की बात कही थी तथा आप देखना होगा कि ओपी चौधरी को क्या भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में अपना चेहरा बनाएगी,वही मुख्यमंत्री की रेस में विधानसभा का चुनाव जीतने वाले अनेकों विधायक भी नजर आ रहे हैं जांजगीर चाम्पा सीट से नारायण चंदेल के चुनाव जीतने पर उन्हें भी मुख्यमंत्री की रेस में माना जा रहा था किंतु नारायण चंदेल की हार से अब ऐसा कुछ नजर नहीं आता वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 के मतगणना परिणाम ने जहां अनेकों राजनीतिक मायनो में एक इतिहास रचा है तो वहीं देश के राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत की सरकार आने से भाजपाइयों में उत्साह देखा जा रहा है।

# विश्व एड्स दिवस सप्ताह: एक से सात दिसम्बर तक आयोजित हो रहे कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला एड्स नियंत्रण समिति के तत्वावधान में जिले में 1 से 7 दिसम्बर तक विश्व एड्स दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। पखवाडे का शुभारंभ 1 दिसम्बर को जिला चिकित्सालय धमतरी के ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन शिविर आयोजित कर किया गया। इस दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर महाविद्यालयों में एड्स की रोकथाम एवं बचाव से संबंधित अनेक कार्यक्रम एवं संगोष्ठी तथा रंगोली प्रतियोगितायें आयोजित की जा रहीं हैं।

इसी कडी में आज जिला चिकित्सालय धमतरी परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एसके मण्डल तथा सिविल सर्जन डॉ एके टोण्डर द्वारा जनजागरुकता एवं भेदभाव निषेध की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर सीएमएचओ ने हरी झण्डी दिखाकर प्रशिक्षु नर्सिंग छात्र-छात्राओं की जनजागरुकता रैली को रवाना कियाए, जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस जिला चिकित्सालय के परिसर में संगोष्ठी के बाद सम्पन्न हुई। विश्व एड्स सप्ताह के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में इस वर्ष के थीम समुदाय को नेतृत्व करने दे के आधार पर ट्रांसजेन्डर समुदाय द्वारा एड्स नियंत्रण जनजागरुकता रैली का नेतृत्व किया गया साथ.साथ अस्पताल परिसर एवं शहर के चौक.चौराहों में जनजागरुकता के साथ ही प्रचार.प्रसार सामग्री का वितरण किया गया।

# आदिवासियो का 5 दिसंबर को होने वाला आंदोलन स्थगित

- कैबिनेट प्रस्ताव वापस लेने के फलस्वरुप 5 दिसंबर को आदिवासियों का नुआपाडा उड़ीसा में होने वाला उग्र आंदोलन स्थगित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



उड़ीसा राज्य में आदिवासी समाज के जमीन को गैर आदिवासियों को बिक्री हेतु अनुमति दिए जाने के लिए दिनांक 14 नवंबर को उड़ीसा कैबिनेट में प्रस्ताव पारित हुआ है। उक्त आदिवासी विरोधी कैबिनेट प्रस्ताव के कारण समाज में भारी आक्रोश था। इस हेतु विरोध में 5 दिसंबर मंगलवार को नुआपाडा उड़ीसा में उक्त कैबिनेट प्रस्ताव को वापस लिए जाने हेतु उड़ीसा सरकार के खिलाफ आदिवासी समाज के समस्त संगठन एवं गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा उग्र आंदोलन का आह्वान किया गया था। आंदोलन में उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न हिस्सों से आदिवासी समाज के प्रमुख उपस्थित होने वाले थे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव ने बताया कि उड़ीसा सरकार द्वारा आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासियों को हस्तांतरण नहीं करने के नियम का हवाला देकर उक्त कैबिनेट प्रस्ताव को आदिवासी समाज के दबाव के फलस्वरुप वापस लिया गया है। गोंडवाना गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिशुपाल शोरी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह मांझी, प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा महेंद्र नायक, राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंहए राष्ट्रीय सचिव दिवाकर पेंदाम महाराष्ट्र द्वारा इसे आदिवासी समाज की बड़ी जीत बताते हुए 5 दिसंबर को नुआपाडा उड़ीसा में आदिवासी समाज का होने वाला उग्र आंदोलन को स्थगित किए जाने की बात कही है।

## धमतरी के कोतवाल बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव आज

**धमतरी।** धमतरी के अति प्राचीन किले के श्रीराम मंदिर स्थित धमतरी के कोतवाल बाबा काल भैरव जी का जन्मोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को आज 5 दिसंबर को बड़े धूमधाम से मनाया जावेगा। जिसमें श्रृंगार पूजन सुबह 8:30 बजे, महाप्रसादी वितरण भण्डारा दोपहर 12 बजे, महाआरती संध्या 6 बज भजन संध्या कार्यक्रम संध्या 7 बजे से छत्तीसगढ के सुप्रसिद्ध भजन गायक परमेश्वर साहू के कृष्णाय अर्पण भजन संध्या ग्रुप खपरी द्वारा सुमधुर भजनो की प्रस्तुति होगी जिसमें उपस्थिति की अपील होने की अपील आयोजक श्रीरामचंद्र मंदिर न्यास एवं समस्त भक्त मंडल बाबा काल भैरव मंदिर इतवारी बाजार धमतरी ने की है।

# मेरा इश्क-सागर भाटिया की मोहक धुन शुद्ध प्रेम का स्वरनाद प्रस्तुत करती है

## भक्तिपूर्ण कव्वाली और भाव-भीने गीत के बोल मंत्रमुग्ध कर देंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




युवा और प्रतिभा के धनी सागर भाटिया पेश कर रहे है, अपनी नई। पेशकश मेरा इश्क जो दिलों को झकझोर देने वाले राग से भरी है। यह कव्वाली के सार को एक नया आयाम देती है। कई जज्बातों में पिरोई यह रचना पारंपरिक संगीत की सीमाओं को पार करते हुए, श्रोताओं को भावनाओं की सिम्फनी भरे समुद्र में प्रेम और भक्ति की गहराई तक पहुंचाती है। मेरा इश्क की मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय और मनमोहक गीत, अस्तित्व के सभी पहलुओं में प्रिय की हमेशा उसके आसपास रहने वाली उपस्थिति की एक ज्वलंत तस्वीर पेश करता हैं। कव्वाली के अनूठे स्पर्श के साथ सागर भाटिया द्वारा बनाया गया प्यार का यह गुंजायमान गीत एक शानदार कृति है जो आपको शुद्ध अर्थों में भावनाओं से भरी दुनिया में ले जाता है। यह गीत दर्शकों को सुनने और प्रेम के साथ भक्ति की शक्ति के प्रति समर्पित होने का एक अद्भुत आनंद देता है। अपनी नई रिलीज़ के बारे में भावुक होकर बात करते हुए सागर ने कहा, ÷कव्वाली सिर्फ संगीत नहीं है, यह एक महान कला है। कव्वाली करने का मेरा तरीका थोड़ा अलग और बहुत अनोखा है। मेरा इश्क़ मेरी पहली कव्वाली है जिसे मैंने खुद लिखा था और अब यह मेरी रिलीज़ होने वाली पहली कव्वाली भी है।

# रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग प्रशिक्षण-आवेदन 10 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बडौदा स्वरोजगार संस्थान धमतरी द्वारा रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग और सर्विसिंग का 30 दिवसीय निःशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिये 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदकों से आगामी 10 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। निदेशकए बडौदा आरसेटी अनिता टुडू ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 35 सीट आरक्षित हैं। इसके लिये आवेलकों को बीपीएल राशनकार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बडौदा आरसेटी में जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 73899-43193 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है। बता दें कि प्रशिक्षण के दौरान असेम्बलिंग एवं डिअसेम्बलिंगए कम्प्रेशर लीकेज रिपेयरिंग, फाल्ट ढूंढना एवं समाधान, इलेक्ट्रॉनिक एयर सेंसर, एयर फ्लो व तापमान, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग संबंधी सभी जानकारी के साथ ही उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी।

## एक्सिस बैंक और एयर इंडिया ने की क्रेडिट कार्ड पॉइंट रूपांतरण भागीदारी

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और एयर इंडिया, भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन, ने एक साझेदारी की है, जिसके तहत एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को अपने एक्सिस एज रिवार्ड पॉइंट या एज मील को एयर इंडिया फ्लाइंग रिटर्न्स पॉइंट में रूपांतरित करने में मदद मिलेगी। एक्सिस एज रिवार्ड पॉइंट या एयर इंडिया फ्लाइंग रिटर्न पॉइंट में परिवर्तित एज मील को पांच महाद्वीपों में फैले एयर इंडिया के बढ़ते रूट नेटवर्क पर केबिन अपग्रेड या अवार्ड फ्लाइट के लिए भुनाया जा सकता है। ग्राहक एयर इंडिया के साथ-साथ फ्लाइंग रिटर्न्स की 25 अन्य साझेदार एयरलाइनों पर भी अवार्ड फ्लाइट को भुना सकते हैं।

# ओपन परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा का आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर निर्धारित है साथ ही विलंब शुल्क के साथ आवेदक 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अपना आवेदन कर सकते है। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि इच्छुक आवेदक विद्यालय में कार्यालयीन दिवसों में आवेदन पत्र फार्म प्राप्त कर नवीन आवेदन एआरटीडी, अवसर परीक्षा, क्रेडिट योजना एवं श्रेणी सुधार परीक्षा के जमा कर सकते है। ओपन स्कूल बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अब ओपन स्कूल की परीक्षा वर्ष में दो बार सितम्बर और अप्रैल माह में आयोजित किए जाएँगे। प्रतिवर्ष सितम्बर माह में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी से 30 जून तक सामान्य शुल्क एवं 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित किया गया है। उसी प्रकार प्रतिवर्ष अप्रैल माह में होने वाली परीक्षा के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 जुलाई से 31 दिसम्बर तक सामान्य शुल्क एवं 1 जनवरी से15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ निर्धारित किया गया है।

# रंजना साहू ने क्षेत्रवासियों व कार्यकर्ताओं का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रत्याशी रंजना डीपेंद्र साहू ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में धमतरी वासियों के इस चुनाव में समर्पित समस्त क्षेत्रवासियों, स्नेहीजनों और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के परिणाम भले ही मेरे पक्ष में नहीं आए पर धमतरी की उन्नति के लिए मेरा जीवन सदैव ही समर्पित रहेगा। हार जीत सिक्के के दो पहलू है जिसमें किसी को हार, किसी को जीत मिलती है। निरंतर मैं समर्पित होकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करती रहूंगी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की सभी को शुभकामनाएं।

# पं.राजेश शर्मा ने भाजपा की जीत पर डा.रमन सिंह, धरमलाल कौशिक को दी बधाई



**धमतरी।** धर्म प्रेमी ,समाज सेवी भाजपा नेता पण्डित राजेश शर्मा राजधानी रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को भाजपा की सरकार बनने पर बधाई शुभकामनाए प्रेषित किए।

# रोजगार मूलक कोर्स वही जो रोजगार दिलाये : मनोज चावला

## सैकड़ों प्रशिक्षार्थी को एक्सेल टेली रायपुर ने किया रोजगार

- रायपुर स्थित एक्सेल टेली अब तक सैकड़ों प्रशिक्षार्थियों को रोजगार देने में सफल रहा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्थित एक्सेल टेली अब तक सैकड़ों प्रशिक्षार्थियों को रोजगार देने में सफल रहा है । विदित हो कि टैली एजुकेशन बैंगलोर से अधिकृत संस्था रायपुर स्थित टेली एजुकेशन इंस्टीट्यूट है, जो पूर्णत रोजगार मूलक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट है। इस कोर्स को करने पर विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ और इस कोर्स से जुड़े सभी तरह की जानकारी से अवगत कराते हुए एक्सेल टेली के संचालक मनोज चावला ने बताया कि इस सीएटी कोर्स में टेली प्रोफेशनल का कोर्स कराया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत कई युवक युवतियों को रोजगार पाने में सफल रहें हैं। इसमें सीएटी अर्थात् सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्निशियन का कोर्स होता है, यह कोर्स ऐसे विधार्थी जो कंप्यूटर और अकाउंटिंग के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते है, वे लोग जो नए कौशल को सीख रोजगार पाना चाहते है, ऐसे सभी विधार्थियो को एक्सेल टेली आमंत्रित करता है। जिसका सर्टिफिकेट टैली बैंगलोर से दिया जाएगा। इस कोर्स में जीएसटी, टीडीएस, टीसीएस, पेरोल, ई इनवॉइस, ई-वे बिल, जैसे एडवांस अकाउंटिंग सिखाया जाएगा, साथ ही बेसिक कंप्यूटर की जानकारी दी जायेगी। जिसमें एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाईट जैसे ऑफिस टूल्स सिखाया जाएगा। इसका सर्टिफिकेट सीएससी एकेडेमी से दिया जाएगा। इसके साथ ही इसमें सॉफ्ट स्किल एंड पर्सनेलिटी डेवलपमेंट ऑनलाइन कोर्स रहेगा। जिसका सर्टिफिकेट भी सीएससी एकेडेमी से प्राप्त होगा। उसके पश्चात् बेसिक कंप्यूटर हार्डवेयर सिखाया जाएगा। इसका सर्टिफकेट नाइसटेक से प्राप्त होगा। साथ ही में हिंदी इंग्लिश टाइपिंग सिखाया जाएगा। ये सभी सीखने के बाद इंटरनशिप प्रोग्राम का फायदा मिलेगा, जो को किसी फर्म, ऑडिटर, चार्टेड अकाउंटेंट, ऐसे जगहों से रीयल टाईम ऑडिट सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह से यह ऐसा रोजगार मूलक कोर्स बनाया गया है जिसे करने के बाद रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ जाती है। नाइसटेक कंप्यूटर मात्र एक ऐसी संस्थान है जो 31 वर्ष से जिले में कंप्यूटर सिखाने, रोजगार उपलब्ध कराने में अग्रणी रहता है।

## चंद्रप्रकाश शर्मा का निधन



चंद्रप्रकाश शर्मा (बलदाऊ) पोंता वाले, उम्र 95 वर्ष, निवासी सुंदर नगर रायपुर का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में दिनांक 4 दिसंबर 2023 को शाम 4 बजे किया गया। वे सुभाष शर्मा पूर्व महामंत्री छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, अनिल शर्मा, स्व. सुनील तिवारी के पिता थे।

HDB FINANCIAL SERVICES

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, पिन कोड : 380009
शाखा कार्यालय : एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, तृतीय तल, सिमरन टावर्स, जीवन बीमा मार्ग, एलआईसी के सामने, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड –492004

कब्जा सूचना

जबकि, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित कर्जदारा/रों को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें संबंधित कजदारों से उक्त सूचना में वर्णित राशि भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ उसकी प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार/सह–कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/सह–कर्जदार को और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है। उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर संबंधित तिथि से भावी ब्याज, लागतों तथा प्रभारों के अधीन होगा। अनुसूचित सम्पत्ति के तहत कर्जदार तथा सह–कर्जदार का विवरण, ऋण खाता संख्या, यूआईसी नंबर, बकाया राशि, मांग सूचना तथा कब्जा की तिथि सहित यहां नीचे दिया गया है :

1) कर्जदार, सह–कर्जदार/गारंटर का नाम ; 2) ऋण खाता संख्या ; 3) यूआईसी नंबर 4) स्वीकृत ऋण राशि ; 5) प्रतिभूतियों का विवरण ; 6) बंधकदाता का नाम ; 7) मांग सूचना की तिथि ; 8) मांग दावा राशि भारतीय रूपए में ; 9) कब्जा की तिथि

1. प्रिया हाउस, 2. रश्मि कटियार, 3. प्रीति कटियार, 4. अनीता सिंह कटियार, 5. अजय कटियार, 6. नीरज कटियार, 7. धीरज कटियार (मृतक कानूनी वारिस के माध्यम से) (क) रश्मि कटियार, (ख) प्रीति कटियार, (ग) अनीता सिंह कटियार, (घ) अजय कटियार, ङ) नीरज कटियार सभी निवासी (क) जलगृह मार्ग कॉम्प्लेक्स, टीकरापारा, रायपुर, रायपुर, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़ (ख) खसरा नंबर 115/5, क्षेत्रफल 0.011 हेक्ट मौजा मठपुरेना, अवधपुरी अवधपुरी नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रायपुर–492101, (ग) 340/4, रावतपुरा नगर मठपुरेना मठपुर मठपुरेना, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़। 2) ऋण खाता संख्या : 22217141, 3) ऋण राशि भारतीय रूपए में : रू. 27,80,000/– (रूपए सत्ताईस लाख अस्सी हजार मात्र), 4) प्रतिभूति का विस्तृत वर्णन : बंधक सम्पत्ति :– भूमि के सभी अंश एवं खंड खसरा नंबर 115/5, मौजा मठपुरेना, अवधपुरी नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नंबर 63, पीएच नंबर 61, आर.आई.सी. रायपुर–1, तहसील/जिला रायपुर–492101 (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल परिमाप 1200 वर्ग फीट, 5) मांग सूचना की तिथि : 15–07–2023 ; 6) बकाया राशि भारतीय रूपए में : रू. 27,99,145/– (रूपए सत्ताईस लाख निन्यानवे हजार एक सौ पैंतालीस मात्र) दिनांक 13–07–2023 तक और आगे वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत एवं प्रभारों इत्यादि सहित, 7) कब्जा की तिथि : 29–11–2023

कर्जदार, सह–कर्जदार : अमन लेदर ऐंड ऑप्टीकल, 2. हुस्नारा बेगम, 3. गुलाम रसूल, 4. नाजनीन बेगम, 5. आसिफ अली, 6. अनवर अली, सभी निवासी (क) अमन लेदर ऐंड ऑप्टीकल निकट अकबरी मस्जिद कैरोना चौक, बिलासपुर –495001, (ख) एचआईजी–01, आमेरी रोड गणेश चौक, नेहरू नगर, बिलासपुर–495001, (ग) वार्ड नंबर 10, समता कालोनी, तालपारा बिलासपुर–495001. 2) ऋण खाता संख्या : 3100071, 3) ऋण राशि भारतीय रूपए में : रू. 25,00,000/– (रूपए पच्चीस लाख मात्र), 4) प्रतिभूति का विस्तृत वर्णन : बंधक सम्पत्ति :– सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सर्वे/खसरा नंबर 43/12–14 पर निर्मित मकान, पटवारी हलका नंबर 22/35, मदर टेरेसा वार्ड, वार्ड नंबर 10, विकास खंड–बिल्हा, मौजा तालपारा, तहसील एवं जिला बिलासपुर। क्षेत्रफल परिमाप 2553 वर्ग फीट, 5) मांग सूचना की तिथि : 19–08–2023 ; 6) बकाया राशि भारतीय रूपए में : रू. 23,60,944.21/– (रूपए तेईस लाख साठ हजार नौ सौ चौवालीस तथा पैसे इक्कीस मात्र) दिनांक 19–08–2023 तक और आगे वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत एवं प्रभारों इत्यादि सहित, 7) कब्जा की तिथि : 30–11–2023

1. कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। 2. किसी आपत्ति तथा समाधान के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री अमन कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), फोन नंबर 8800863718 (एम) (ओ)/ श्री भरत राजौरिया – 9200000522/एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, तृतीय तल, सिमरन टावर्स, जीवन बीमा मार्ग, एलआईसी के सामने, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड –492004

स्थान : रायपुर
तिथि : 05–12–2023

हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

## प्रतिवर्ष 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न पेश किया

# आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रु. के बॉन्ड्स जारी करेगा, और उसके पास 800 करोड़ रु. तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु.) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी। इसकी क्रेडिट रेटिंग क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए-/पॉज़िटिव और एक्विटी रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा एक्विटी एए। स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि ये इंस्ट्रूमेंट अत्यधिक सुरक्षित माने जाते हैं, और बहुत कम क्रेडिट रिस्क के साथ वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग प्रदान करते हैं। आईआईएफएल समस्ता को इस माह क्रिसिल द्वारा 'स्टेबल' से 'पॉज़िटिव' रेटिंग में अपग्रेड किया गया है।



आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, वेंकटेश एन ने कहा, ''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यतः अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड्स की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा।''आईआईएफएल समस्ताफाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं। इनमें भारत के ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों से किसान, कृषि मजदूर, सब्जी और फल विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, दर्जी, शिल्पकार, और गृहणियाँ एवं औद्योगिक मजदूर आते हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के पास सितंबर, 2023 के अंत में 12,196 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट थे, और वित्तवर्ष 2024 के पहले छः महीनों में इसने 233 करोड़ रु. का लाभ दर्ज किया है। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के पास पूरे देश में 1,485 शाखाओं का विस्तृत नेटवर्क है, जिसमें 14,286 कर्मचारी काम करते हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस ने पिछले सालों में लगातार एनपीए को कम बनाकर रखा है, और यह अच्छी क्वालिटी एस्सेट पर ध्यान केंद्रित करता रहा है। 30 सितंबर, 2023 को इसके पास लोन बुक 2.11 प्रतिशत के सकल एनपीए और 0.57 प्रतिशत नेट एनपीए थे। इस इश्यू के लीड मैनेजर जेएम फाईनेंशल लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ लिमिटेड, नुवामा वैल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाईज़र्स प्राईवेट लिमिटेड हैं। यह एनसीडी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा, ताकि निवेशकों को लिक्विडिटी मिलती रहे। आईआईएफएल बॉन्ड 1,000 रु. की फेस वैल्यू पर जारी किए जाएंगे, और सभी श्रेणियों में आवेदन का न्यूनतम आकार 10,000 रु. होगा। इसका पब्लिक इश्यू सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 को जारी होगा।

# कांग्रेस की शिकस्त में दिग्गज अपना घर भी न बचा सके, महापौर निगम अध्यक्ष, शहर और ब्लॉक अध्यक्षों के वार्ड में भी हारे गिरीश

## बूथ जीतो, चुनाव जीतो का फॉर्मूला भाजपा के पक्ष में रहा, गिरीश की ऐतिहासिक हार... वो टक्कर में ही नहीं रहे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डॉ. रमन सिंह की अपने निर्वाचन क्षेत्र में चौथी जीत इतनी बड़ी रही कि शहर के 123 बूथों में से 119 बूथों में उन्होंने बड़ी लीड हासिल की। शहर के हर हिस्से में डॉ. रमन और कमल निशान का ही असर दिखा। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के वार्ड में भी कांग्रेस को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। चार बूथों में डॉ. रमन को हार भी मिली है।

महापौर हेमा देशमुख के ही वार्ड में कांग्रेस को लगभग हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। जितेंद्र मुदलियार, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, जैसे कई नेताओं के वार्ड में कांग्रेस को बुरे नतीजे हासिल हुए हैं। इन नतीजों पर कांग्रेस भी समीक्षा करेगी। मतगणना से पहले तक कांग्रेस राजनांदगांव से अजेय डॉ. रमन सिंह को गिरीश देवांगन की कड़ी टक्कर का दावा कर रहे थे। कांग्रेसियों का मानना था कि, गिरीश ने आक्रामक चुनाव लड़ा है और राजनांदगांव का भांचा का टैग और व्यापक मैनेजमेंट के बूते भाजपा को नाको चने चबाने पर मजबूर कर देंगे। सोशल मीडिया पर बीजेपी को डॉमिनेट करने की कोशिश भी कांग्रेसियों ने की और शायद इसी अति उत्साह ने राजनांदगांव में डॉ. रमन को ऐतिहासिक लीड दिला दी। जनता ने कांग्रेस के दावों की हवा निकालकर रख दी। हालांकि कांग्रेस के लिए ऐसे नतीजे पूरे प्रदेश में आए हैं। लेकिन राजनांदगांव की बात करें तो लोगों के मौन मतदान राजनीतिक पंडितों के विश्लेषण को भी उलझा दिया था। जब 3 दिसंबर को काउंटिंग शुरु हुई तो पहले राउंड से ही डॉ. रमन सिंह की लीड शुरु हो गई थी। आखिरी दौर तक वे ऐतिहासिक 45 हजार मतों की लीड हासिल कर चुके थे। इससे पहले सबसे बड़ी लीड 36 हजार मतों की थी तब 2013 में उन्होंने कांग्रेस के दिवंगत नेता उदय मुदलियार को शिकस्त दी थी। विधानसभा चुनाव में रमन चौथी बार राजनांदगांव से मैदान पर थे। उनके सामने देवांगन टिक भी नहीं पाए। रमन को कुल एक लाख 2 हजार 499 मत मिले। जबकि देवांगन को 57 हजार 415 वोट मिला।



### महापौर अपने ही वार्ड में साख न बचा सकीं

महापौर हेमा देशमुख के वार्ड नंबर 5 चिखली के तीनों बूथ भाजपा ने जीते हैं। यहां बूथ क्रं. 74 में भाजपा को 417, कांग्रेस को 169, बूथ नं. 75 में भाजपा को 710, कांग्रेस को 213, बूथ नं. 76 में भाजपा को 429 और कांग्रेस को महज 159 वोट मिले हैं। तीनों बूथ में मतों का अंतर 1015 वोटों का है। महापौर के अपने ही वार्ड में लोगों ने कांग्रेस को करारी पटखनी दी है। साफ है कि यहां न ही गिरीश देवांगन का कोई प्रभाव दिखा और न ही महापौर अपनी मजबूती यहां दिखा पाई। ये नतीजे उनके राजनीतिक करियर के लिए भी बूरे साबित हो सकते हैं।

### जित्तू, कुलबीर के वार्ड में भी कांग्रेस को नुकसान

जितेंद्र मुदलियार और कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के वार्ड में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। कुलबीर छाबड़ा के वार्ड क्रं. 25 के बूथ नं.110 में भाजपा को 633, कांग्रेस को 202 वोट मिले। इसी तरह बूथ नं. 115 में भाजपा को 637, कांग्रेस को 219 वोट ही मिले। यहां कुल मतों का अंतर 849 वोटों का है। बूथ नं. 110 में 431 तो वहीं बूथ नं. 115 में 418 वोटों से कांग्रेस हारी है। जितेंद्र मुदलियार के घरेलू वार्ड नं. 14 के बूथ नं. 96 में कांग्रेस को 239 जबकि भाजपा को 273 वोट मिले। यहां मतों का अंतर 34 ही रहा।

### निगम अध्यक्ष का वार्ड भी हारे

भाजपा ने ऐतिहासिक जीत में सभी ओर बेहतर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं को अपने ही वार्डों में अपने प्रत्याशी के लिए जीत नसीब नहीं हुई। हर बूथ और हर दौर के साथ भाजपा कांग्रेस को रौंदती चली गई। निगम अध्यक्ष और कांग्रेस नेता हरिनारायण धकेता भी अपने वार्ड में कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके। उनके वार्ड नं. 46 के बूथ नं. 55 में कांग्रेस को 287, भाजपा को 648 और बूथ नं. 53 में कांग्रेस को 284, भाजपा को 606 वोट मिले। यहां कुल मतों का अंतर 683 रहा।

### उत्तर – दक्षिण ब्लॉक अध्यक्षों के घर में भी हार

कांग्रेस के उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली भी अपने ही वार्ड में कांग्रेस को नहीं बचा पाए। उनके वार्ड नं. 11 में बूथ नं.91 में कांग्रेस को 337, भाजपा को 478 और बूथ नं. 92 में कांग्रेस को 252 और भाजपा को 406 वोट हासिल हुए हैं। यहां कुल मतों का अंतर 295 रहा। इस वार्ड से आसिफ अली की माता नज़मा बेगम मौजूदा पार्षद हैं। वहीं दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के गृह वार्ड नं. 28 के दो बूथों में भी कांग्रेस को हार ही मिली है। यहां बूथ नं. 133 में कांग्रेस को 213, भाजपा को 515 और बूथ नं 134 कांग्रेस को 323 और भाजपा को 452 वोट हासिल हुए। यहां कुल मतों का अंतर 431 है।

# डोंगरगांव में कांग्रेस के दलेश्वर साहू की हैट्रिक जीत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





विधानसभा चुनाव 2023 में आखिरकार कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू ने अपनी हैट्रिक जीत हासिल कर ली है। उन्होंने निकटतम भाजपा प्रत्याशी भरत वर्मा को 2789 वोटों के करीबी अंतर से पराजित किया है। प्रदेश में भाजपा की लहर के मध्य दलेश्वर साहू ने लगातार तीसरी बार विधायक निर्वाचित होकर इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद वे जिले में कांग्रेस के अजेय नेता बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि दलेश्वर साहू को लगातार तीसरी बार विधायक टिकट मिली है। 2013 में उन्होंने दिनेश गाँधी को लगभग 1668 वोटों के करीबी अंतर से हराया था। 2018 में मधुसूदन यादव को 19000 वोटों से शिकस्त दी थी। अब उन्होंने भरत वर्मा को 2789 वोटों से पराजित किया है। इस जीत के बाद दलेश्वर साहू की पार्टी में कद बढ़ गया है। वहीं जिले की राजनीति में भी कांग्रेस के सिरमौर चेहरे बन गए हैं। वे जीत के बाद दूसरे दिन अपने करीबी नेताओं के साथ निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करने राजधानी पहुंचे।

### शेर की तरह लड़े भरत वर्मा

दरअसल भरत वर्मा भाजपा प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद 2 बार के विधायक के समक्ष कमजोर समझे जा रहे थे। स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ की सभा से कार्यकर्तागण पार्टी भावना से जुड़ते हुए किला लड़ाने जुट गए। इसका असर नगर के माहौल में दिखा। हालांकि दलेश्वर साहू से 2789 वोटों से हार गए, लेकिन वे नगर सहित घने आबादी के एलबीनगर, तुमड़ीबोड व अजुनी को भी जीत गए। यानी भरत वर्मा अंतिम दिवस से रात्रि तक शेर की तरह लड़े।

### चुनावी आंकड़े एक नजर में

डोंगरगांव विधानसभा में 12 प्रत्याशी थे। कुल मतदाता 2,03,009 लाख थे। 1,69,313 लाख मतदाता ने मतदान किया। कांग्रेस के दलेश्वर साहू को 81,479 हजार वोट मिले। भरत वर्मा को 78,690 हजार वोट मिले। जीत का अंतर 2789 हुआ। नोटा में 2258 वोट पड़े। तीसरे नंबर के छत्तरपाल चन्द्रवँशी 5178 वोट सहित अन्य 9 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। कुल वोट शेयर में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 47.49 रहा। भाजपा का वोट प्रतिशत 45.86 रहा।

# बाहरी का टैग गिरीश को ले डूबा, स्थानीय चेहरा न होने का बड़ा नुकसान उठाया कांग्रेस ने

■ राजनांदगांव के ही नेता को टिकट मिलने पर नतीजा कुछ और होता...

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अपने इलेक्शन मैनेजमेंट में चूक गई। राजनांदगांव विधानसभा के नतीजे दोनों ही दलों के लिए बड़े मायने रखते हैं। ये एक हाईप्रोफाईल सीट है जहां से डॉ. रमन सिंह ने चौथी बार बड़ी जीत दर्ज की है। कांग्रेस की कोई रणनीति यहां असर नहीं दिखा पाई है। हाल के विधानसभा चुनाव के नतीजे तो कांग्रेस के लिए और भी बड़ी शर्म का कारण बन गई है। राजनांदगांव में डॉ. रमन को टक्कर देने कांग्रेसी दोबारा बाहरी प्रत्याशी लेकर आई। व्यापक संसाधन चुनाव में लगाए गए, इलेक्शन मैनेजमेंट की बड़ी बड़ी बातें हुईं। रायपुर से आकर कांग्रेसियों ने मोर्चा संभाला। राजनांदगांव के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी मिली पर सब हवा साबित हुआ। गिरीश अपने पहले ही चुनाव में राजनांदगांव से ऐतिहासिक मतों से हारे हैं। 45 हजार से ज्यादा वोटों से मिली शिकस्त उनके लिए बड़ी क्षति है।

नतीजों के बाद 4 नवंबर को कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। उन्होंने लिखा है कि 'राजनांदगाँव और छत्तीसगढ़ की जनता/मतदाताओं का आदेश शिरोधार्य है. राजनांदगाँव ने जो अपने भाँचा को प्यार और आशीर्वाद दिया है मैं सदैव उसका आभारी रहूँगा !आगे आने वाले समय में भी राजनांदगाँव और छत्तीसगढ़ की जनता के हितों की रक्षा और उन्नति के लिए सदैव उपलब्ध रहूँगा। फिर से मेहनत करेंगे और छत्तीसगढ़ महतारी की सतत सेवा करेंगे।' डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस से कई स्थानीय दावेदार सक्रिय थे। लेकिन कांग्रेस ने उनमें गुटबाजी और बेहतर प्रदर्शन की संभावनाएं न देखते हुए गिरीश देवांगन को मैदान में उतारा था। गिरीश, भूपेश बघेल के करीबियों में से एक माने जाते हैं। बहरहाल, गिरीश पर बाहरी प्रत्याशी होने का टैग लगा और इसे लेकर लोगों के बीच भी कांग्रेस के निर्णय का का काफी विरोध हुआ। स्थानीय नेताओं को टिकट न देने की परंपरा दोहराए जाने से कांग्रेसी भी खासे नाराज थे। लोगों के बीच भी यह विषय मुद्दा बना। इसके जवाब में कांग्रेस ने डॉ. रमन सिंह को वीआईपी विधायक जताने की कोशिश की। चुनाव अभियान में डॉ. रमन को निशाने पर लेकर कहा गया कि, वे जनता के बीच और क्षेत्र में सक्रिय नहीं हैं, लोगों की उनसे मुलाकात नहीं हो पाती... जैसे कई और आरोप कांग्रेस ने लगाए थे। आखिर में, स्थानीय चेहरों को मौका न देने, बाहरी प्रत्याशी थोपने और यहीं से इलेक्शन मैनेजमेंट की बत्ती गुल हो जाने के चलते कांग्रेस को राजनांदगांव में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। माना जा रहा है कि, कुलबीर, जित्तू टिकट के प्रबल दावेदार थे। हालांकि महापौर हेमा देशमुख सहित और भी नाम यहां से आगे आए थे। अगर इन्हें टिकट मिली होती तो कांग्रेस का ये हश्र नहीं होता। लेकिन संगठन ने फैसला थोपकर कांग्रेस को और पीछे कर दिया।

### कांग्रेस की कथनी और करनी का अंतर समझ गई जनता : मो. इमरान बीबा

**राजनांदगांव।** पूर्व राज्य हज कमिटी, विशेष आमंत्रित सदस्य और वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा ने कहा कि राजनांदगांव 75 विधानसभा से डॉ रमन सिंह को ऐतिहासिक जीत पर मुबारकबाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस 5 साल में भी आम जनता के विश्वास पर खरा नहीं उतर पाए। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये से जनता नाराज थी। जिसका परिणाम भाजपा को ऐतिहासिक जीत के लिए छत्तीसगढ़ के आम जनता ने अपने मतों के अधिकार का उपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का मौका दिया।

# चुनावी इतिहास में भाजपा को खैरागढ़ में मिले सबसे ज्यादा वोट

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



खैरागढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह को 84070 वोट मिले है जबकि पिछले साल हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को कांग्रेस से बीस हजार वोट से कम वोट मिले थे जिसमें भाजपा को 67703 वोट ही मिले थे।विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी विक्रांत सिंह जंगल पट्टी साल्हेवारा क्षेत्र से बढ़त बनाकर चुनाव में पिछले कई विधानसभा चुनाव के नतीजों को चौंकाया है जिससे चुनाव परिणाम के दौरान कांग्रेसियों में भी यह चर्चा का विषय बना रहा कि कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले साल्हेवारा क्षेत्र में विक्रांत सिंह की बढ़त से आने वाले समय में कांग्रेस के लिए सोचनीय विषय बन सकता है।

वही गंडई शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह आगे रहे। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को 87870 वोट मिले थे तो वर्तमान में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 89704 वोट मिले है जिसमे कांग्रेस को सिर्फ 1834 वोट का ही बढ़त मिला है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस सरकार के किसानो के कर्जमाफी घोषणा के बावजूद 2022 विधानसभा उपचुनाव के मुकाबले 2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 16367 वोट की बढ़त से भाजपा का जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ को दशार्ती है।

# डॉ रमन सिंह को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं : रविंद्र रामटेके

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके ने मांग की है कि डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ का पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाए।रामटेके ने बताया कि मोर्चा के सदस्य पदाधिकारी सहित आमजनता इस मांग पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि सुगबुगाहट तो किसी नए चेहरे को मुख्यमंत्री बनाने की है। पार्टी आलाकमान जिन्हें भी मुख्यमंत्री बनाता है वह निर्णय सभी को स्वीकार्य होगा। रामटेके ने अपना पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव सहित समुचित छत्तीसगढ़ में विकास निर्माण कार्यों से राज्य का जो स्वरूप बदला है। इससे प्रदेश की जनता खुशहाल हुई है। इस बीच 5 साल कांग्रेस के शासनकाल में जरूर विकास निर्माण कार्यों पर ग्रहण लग गया था और डॉक्टर साहब के कार्यकाल में हुए विकास निर्माण कार्यों नहीं होने के कारण क्षतिग्रस्त हुए उन कार्यों में भी तेजी आएगी।इसे ध्यान में रखते हुए यह मांग करने वालों में सबसे पहले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके, संजय रात्रे,मणि राम खुटेल, दीपेश शेंडे, संकेत रामटेके, रानू मेश्राम, विजय राय, विनोद बारले, विनोद कुमार, देश फिरनता कौशिक, मलिखम कोसरे आदि शामिल है।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बावजूद अविभाजित राजनांदगांव जिले में भाजपा को बढ़त नहीं मिल सकी

# पंजे से नहीं उबर पाया अविभाजित राजनांदगांव, कांग्रेस को फिर 5 सीटें मिलीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बावजूद अविभाजित राजनांदगांव जिले में भाजपा को बढ़त नहीं मिल सकी। इस क्षेत्र की 6 विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक भाजपा के पाले में आई और भी डॉ. रमन सिंह की जीत के साथ। 2018 के चुनावों की तरह इस बार भी भाजपा को 5 सीटें गंवानी पड़ी है।

मोहला मानपुर से इंदरशाह मंडावी ने 31 हजार 911, खुज्जी से भोलाराम साहू ने 25 हजार 944, डोंगरगांव से दलेश्वर साहू ने 2789, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल ने 14 हजार 367और खैरागढ़ से यशोदा वर्मा ने 1834 वोटों से जीत हासिल कर कांग्रेस के लिए अविभाजित राजनांदगांव में नतीजों को दोहरा दिया। डोंगरगांव और खैरागढ़ में मुकाबला बेहद करीबी रहा लेकिन भाजपा यहां भी जीत का मुंह नहीं देख सकी।

पांच विधानसभा में यह हार भाजपा को चुभने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन जिले में भाजपा को लगातार जिस तरह की हार मिल रही है वो भाजपा के लिए चिंता का सबब होनी चाहिए। वर्ष 2003 में इन 6 में से 4 सीटें भाजपा के पास थी। लेकिन 2008 से इन विधानसभाओं में भाजपा के नए प्रयोगों को हर बार असफलता ही हाथ लगी है। पिछले चार चुनावों से कांग्रेस ने अविभाजित राजनांदगांव जिले में अपना पंजा कसा हुआ है और भाजपा इससे बाहर नहीं निकल पा रही है।













**इंदर, भोला फिर जीते :** मोहला मानपुर से इंदरशाह मंडावी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं। उन्होंने बड़े अंतर से भाजपा के पूर्व विधायक संजीव शाह को हराया है। कांग्रेस सरकार में उन्हें संसदीय सचिव बनाया गया था। इस वे विपक्ष में बैठेंगे। खुज्जी से भोलाराम साहू पहले भी दो बार विधायक रहे हैं। 2018 में उनकी जगह छन्नी साहू को टिकट दी गई थी। भोलाराम लोकसभा लड़े और हार गए। इस बार कांग्रेस ने छन्नी का टिकट काटकर उन्हें फिर प्रत्याशी बनाया। खुज्जी में उनके सामने कम अनुभवी गीता साहू को भाजपा ने प्रत्याशी चुना। कांग्रेस के लिए ये चुनाव थोड़ा और आसान हो गया और लगभग पिछली बार की ही तरह कांग्रेस ने यहां से फिर बड़ी जीत दर्ज की। भाजपा के दिवंगत नेता राजिंदर पाल सिंह भाटिया के बाद से यहां भाजपा कभी चुनाव नहीं जीत सकी है।

**दलेश्वर को करीबी मुकाबले में जीत मिली :** डोंगरगांव में कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू के खिलाफ एंटी इंकबेंसी काफी ज्यादा थी। वे दो चुनाव जीत चुके थे और तीसरी दफा मैदान में थे। भाजपा ने भरत वर्मा को यहां से मैदान में उतारा था। शुरुआती दौर में उन्हें कमजोर प्रत्याशी कहा जा रहा था लेकिन मतदान के करीब आते आते उन्होंने अपने प्रदर्शन से कांग्रेस के पसीने छुड़ा दिए थे। हालांकि कुछ कमी रही गई और भाजपा जीत से दूर रही। इस सीट पर मतगणना के दौरान भी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। दलेश्वर साहू यहां से तीसरी दफा जीते हैं। संभवतः वे इस मामले में कांग्रेस की दिग्गज नेता मानी जाने वाली दिवंगत गीता देवी के बराबरी पर पहुंच गए हैं।

**डोंगरगढ़ में बड़ा उलटफेर हुआ :** डोंगरगढ़ के परिणाम भी कांग्रेस के पक्ष में गए और इस नतीजे के साथ ही एक बड़ा मिथक भी टूट गया। देखा जाता रहा कि जिस पार्टी का प्रत्याशी इस विधानसभा में जीत दर्ज करता हैउस पार्टी की ही प्रदेश में सरकार बनती है। लेकिन इस बार चीज़ें बदल गई। जिला पंचायत सदस्य हर्षिता स्वामी बघेल को कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार बनाया। वे पॉलिटिकल बैकग्राऊंड वाले परिवार से ही हैं। भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को टिकट दी। विनोद अपना प्रदर्शन नहीं दोहरा सके और हर्षिता ने उन्हें करारी शिकस्त दी।

**विक्रांत ने कांग्रेस को पछाड़ा लेकिन जीत नहीं सके :** खैरागढ़ विधानसभा में इस बार मुकाबला तो बेहद करीबी रहा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष और भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह के यहां से जीत के आंकलन किए जा रहे थे। लेकिन अंततः विधायक यशोदा वर्मा से उन्हें 1834 वोटों से हार मिली। इस सीट में नतीजे आते देर रात हो चुकी थी। कांटे की टक्कर के इस मुकाबले में विक्रांत आखिर तक जीत के लिए जूझते रहे। उन्होंने भाजपा को अब तक की सबसे बड़ी बढ़त इस विधानसभा में दिलाई है लेकिन विजय उनसे दूर रही।

# खड़े ट्रक को चोर ने किया पार, सीसीटीवी में आरोपी कैद

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com



क्राइम कंट्रोल को लेकर लगातार मीटिंग और निर्देश का सिलसिला चल रहा है और इसके ठीक उल्टे शहरी क्षेत्र में आपराधिक तत्व अपने कारनामों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। सीएसईबी पुलिस चैकी इलाके के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन के सामने खड़े ट्रक को चोर ने पार कर दिया। सीसीटीवी में उसकी हरकतें कैद हुई है। घटना को अंजाम देने के लिए जो तरीका अपनाया गया, उससे लगता है कि चोर को तकनीकी जानकारी थी। पुलिस को इस मामले से अवगत करा दिया गया है जिस पर जांच पड़ताल की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 13 परिवहन नगर का यह क्षेत्र सीएसईबी पुलिस चैकी के अंतर्गत आता है, जहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन के सामने से वाहन की चोरी की गई। पिछली रात्रि 10.00 के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। चोरी हुआ वाहन नेहरू नगर कुआंभट्ट मैं रहने वाले मोहम्मद मंसूर अंसारी का बताया गया है। उसके पास दो ट्रक है इनमें से एक बाहर चल रहा है जबकि दूसरे वाहन को एक सप्ताह से घटनास्थल के सामने मुख्य मार्ग पर खड़ा किया गया था। बताया गया कि इस गाड़ी का ड्राइवर अवकाश पर गया हुआ है, इसलिए वहां को यहां पर रखा गया था। एक दिन पहले कल्चरल हाल का कामकाज देखने वाले व्यक्ति ने कार्यक्रम होने का हवाला देकर वहां यहां से हटाने को कहा था जिस पर व्यवस्था की जा रही थी। इससे पहले ही रात्रि को वाहन की चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से संबंधित मालवाहक में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम लगाया गया था। रात्रि 9.00 वाहन मालिक ने यहां पहुंच कर जायजा लिया था तब तक सब कुछ ठीक-ठाक था। अगली सुबह चोरी होने के बारे में जानकारी हुई। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर मालूम चला कि लगभग 10.30 बजे के आसपास एक व्यक्ति यहां पहुंचा और जीपीएस के केबल काटने के साथ घटना को अंजाम दिया। मीटर बोर्ड खोलने के बाद जीपीएस के केवल काट दिए गए। जिस तरीकों के साथ यह सब कारनामा किया गया है उसे लगता है कि संबंधित चोर तकनीकी के बारे में बेहतर जानकारी रखता है। मंसूर अली ने लाखों का वाहन चोरी होने के बारे में सीएसईबी पुलिस चैकी को सूचना दी है और कार्रवाई करने की मांग की है। 2 दिन पहले ही ट्रांसपोर्ट नगर दुर्गा पूजा पंडाल के पास चोरी की घटना में गैरेज का संचालन करने वाले अनूप मंडल को हजारों की चपत लगी। उनके यहां से कार्बाइड गैस टंकी को पार कर दिया गया। इसकी कीमत 20000 से ज्यादा की बताई गई है। इस मामले में सक्रिय कबाड़ चोरों की भूमिका का संदेह है। गैरेज का संचालन करने वाले अनूप के द्वारा इस मामले के बारे में सीएसईबी पुलिस को अवगत कराया गया है और जांच पड़ताल करने का निवेदन किया गया है। इससे पहले अनेक मौके पर ट्रांसपोर्ट नगर के विस्तृत व्यावसायिक क्षेत्र से गाडियों के पहिए, साउंड सिस्टम, बैटरी के अलावा अनेक सामान पार किया जा चुके हैं। कुछ मामलों में आरोपियों की धर पकड़ के साथ सामान बरामद किया गया है जबकि बहुत सारे मामले अभी भी पेंडिंग है। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में ऑटोमोबाइल के साथ-साथ डेंटिंग, पेंटिंग, अर्थमूवर्स, लेथ वर्क्स सहित अनेक प्रकार की गतिविधियां संचालित करने वाले संस्थान चल रहे हैं। कारोबारी ने इन कार्यों के लिए काफी निवेश कर रखा है। मंगलवार को व्यवसाय बंद होने के दिन का फायदा लेने के साथ क्षेत्र में कई बार घटना हो चुकी है। जबकि कई कारणों से चोर गिरोह का मनोबल बढ़ा हुआ है, जो मौका पाकर घटनाओं को परवान चढ़ा दिया करते है।

# पर्चा, चर्चा और भारी विरोधों के बावजूद कृष्ण कुमार राय ने दिखाई अपनी दमदारी

## कुशल राजनीतिज्ञ होने का छोड़ा छाप, रायमुनी को टिकट दिलाने से जीत तक का सफर

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



टिकट अपने नाम से लेना और भारी विरोधों के बाद उसे जीत में बदल देना एक कुशल राजनीतिज्ञ ही ऐसा कर सकता है। बात हो रही है जिले के सबसे चर्चित जशपुर विधानसभा की। यहां टिकट की लाइन में कई बड़े दिग्गज खड़े थे। कई में एक का नाम तय करना था। नाम तय करने में स्थानीय सक्रिय नेताओं की राय जरूर ली जाती है। इसलिए जिले में संगठन में सबसे वरिष्ठ सक्रिय और सफल नेता कृष्ण कुमार राय की राय को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत को टिकट देने का फैसला लिया गया, जिसका जमकर विरोध भी हुआ और अंत में जीत ने सारे दांव पेंच को करारा जवाब दे दिया।

### जमीनी पकड़ ने दिलाई जीत


कृष्ण कुमार राय का राजनीतिक सफर दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव के साथ शुरू हुआ। दिलीप सिंह जूदेव के साथ जमीन से जुड़कर और समाज के अंतिम व्यक्ति, जरूरतमंदों तक जाकर उनका कुशलक्षेम जानकर उसके साथ आत्मीयता से जुड़ते चलते रहे और यही उनकी जीवन की कमाई रही। उनके जमीनी पकड़ ने रायमुनी भगत को बगीचा पाठ इलाके से परंपरागत मतदाताओं ने जमकर साथ दिया और 18000 के लीड तक पहुंचा दिया।

### पर्चा फेंक कर डैमेज की कोशिश

मतदान से दो दिन पहले जशपुर विधानसभा में कृष्ण कुमार राय के परिवार को जोड़कर एक पर्चा फेंककर उनक छवी को धूमिल करने का प्रयास किया गया लेकिन मतदाताओं के साथ के बीच पर्चे की झूठ के चर्चे धरे के धरे रह गए।

# सीएसईबी चौक में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में अयोध्या में पूजित अक्षत कलश के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालु

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा अंचल पहुंचे अयोध्या में पूजित अक्षत कलश का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य और दिव्य राम मंदिर निर्माण की अंतिम प्रक्रिया में है। प्राण-प्रतिष्ठा से पहले अखिल भारतीय स्तर पर अनेक आयोजन सनातन हिंदू समाज कर रहा है। इस बीच संपूर्ण समाज को मंदिर दर्शन के लिए न्योता देने अयोध्या में पूजित अक्षत कलश चारों दिशा में भेजे जा रहे हैं। कोरबा अंचल में अक्षत कलश का स्वागत शोभा यात्रा के साथ किया गया। प्राचीन राम जानकी मंदिर सीतामढ़ी से शुक्रवार की शाम पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। केसरिया ध्वज के साथ इसमें सभी समाज के लोग शामिल हुए। सप्तदेव मंदिर, मुख्य मार्ग, पावर हाउस रोड, टी.पी. नगर चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। सीएसईबी चौक के नजदीक गायत्री शक्तिपीठ पूजा-अर्चना के साथ अक्षत कलश की स्थापना की गई है, जहां दर्शन के निमित्त भक्त आ रहे हैं। अक्षत कलश की नित्य प्रति पूजा-अर्चना और संकीर्तन के बाद आगामी कार्यक्रम के अंतर्गत गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जाएगा और लोगों को राम मंदिर दर्शन के लिए अक्षत के साथ न्योता दिया जाएगा। 1 से 15 जनवरी तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। इस दौरान समस्त परिवार तक संपर्क कर सभी को पूजित अक्षत प्रदान किया जाएगा व राम मंदिर का निमंत्रण व राम अपने मंदिर अयोध्या का चित्रक दिया जाएगा। 22 जनवरी को पुर्वान्ह 11 से अपरान्ह 1 बजे तक ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी भी मंदिर में रामभक्त एकत्र होकर भजन-कीर्तन करेंगे। कोरबा जिले में श्री राम जन्मभूमि सेवा महोत्सव समिति इस काम को संपादित कर रही हैं।

# कुली का काम करने वाले दीपक पटेल ने अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में जीता स्वर्ण

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com



रेलवे स्टेशन कोरबा में कुली का काम करने वाले दीपक पटेल ने एक नया कीर्तिमान रच दिया है। उन्होंने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर विजेता का खिताब हासिल किया है। उन्होंने 53 किलोग्राम बाडी वेट की कैटेगरी से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की है।दीपक ने पावर स्पोर्ट्स एसोसिएशन आफ इंडिया का नेतृत्व करते हुए पांच देशों की प्रतियोगिता में यह कमाल किया है। इनमें भूटान, नेपाल, श्रीलंका, हांगकांग और भारत समेत पांच देशों के चैंपियन का गौरवपूर्ण खिताब हासिल किया है। वे इस प्रतियोगिता में देशभर से शामिल होने वाले कुल 12 और छत्तीसगढ़ से एक मात्र खिलाड़ी हैं। दीपक की जीत का सिलसिला कोई नया नहीं है। उन्होंने इससे पहले पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में फेडरेशन कप नेशन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। अब तक उन्होंने चार बार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड जीता और कई राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में विजेता का खिताब हासिल किया है।सिलीगुड़ी की वह महत्वपूर्ण जीत उनके चैथे राष्ट्रीय स्वर्ण का प्रतीक रही, जिससे वे पावरलिफ्टिंग में प्रमुख प्रतिभाओं में से एक बन चुके हैं। वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग इंडिया के संरक्षण में दार्जिलिंग जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित फेडरेशन कप में दीपक ने अपनी जबरदस्त ताकत का प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 382.5 किलोग्राम वजन उठाकर चैंपियनशिप हासिल किया था। इस वजन में 175 किलोग्राम की डेडलिफ्ट, 87.5 किलोग्राम की बेंच प्रेस और 120 किलोग्राम का स्क्वाट शामिल था। इसके अलावा उन्होंने गुवाहाटी, हावड़ा और दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा, उन्होंने 12 राज्य-स्तरीय प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अपनी एथलेटिक प्रतिबद्धताओं के बीच, दीपक ने शिक्षा को प्राथमिकता देना जारी रखा है।

# वन कर्मियों की तत्परता से बची बुजुर्ग की जान

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

धान मिंजाई कर घर लौट रहे ग्रामीणों की नजर हाथी पर पड़ गई। वे किसी तरह जान बचाकर घर जा पहुंचे। जबकि उनका एक साथी पीछे रह गया। यह खबर मिलते ही वन कर्मियों ने ग्रामीण की खोजबीन शुरू की। जब वन अमला जंगल के भीतर पहुंचा तो ग्रामीण झाडियों के पीछे दुबका मिला। वह हाथियों को सामने देख बुरी तरह घबराया हुआ था। वन कर्मियों ने उसे कंधे में उठाकर जंगल से बाहर निकाला। साथ ही इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। यह घटना कटघोरा वन मंडल के एतमानगर रेंज में घटित होना बताया जा रहा हैं। ग्राम पंचायत गुरसियां के आश्रित ग्राम सेंदरीमुड़ा में प्यारेलाल नामक ग्रामीण निवास करता है। वह धान की कटाई कर खलिहान में रखा हुआ है। जिसकी मिंजाई करने गांव के ही करमन सिंह, राजकुमार चंद्रभान, प्रकाश सिंह व सरमहिया बिंझवार (65 वर्ष) पहुंचे हुए थे। वे शाम करीब 6 बजे धान मिंजाई कर कुंजीपारा गुरसियां बस्ती से जंगल के रास्ते घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें उमेंद सिंह नामक व्यक्ति के खेत में हाथी दिखाई दिया। वे हाथी को सडक़ किनारे खेत में देख घबरा गए। किसी अनहोनी की आशंका पर सभी ग्रामीण घर की ओर सरपट भाग निकले। इस दौरान बुजुर्ग होने के कारण सरमहिया जंगल में ही छूट गया। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को तब हुई जब वे गिरते पड़ते गांव पहुंचे। उन्होंने अपने साथी को गायब देख पूछताछ शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। आखिरकार ग्रामीण सरमहिया के घर रिंगनिया पहुंचे। जहां उसकी पत्नी ने घर नहीं पहुंचने की जानकारी दी।

# पुन्नूलाल मोहले और लोरमी विधानसभा क्रमांक-26 से अरूण साव विजयी घोषित किए गए





पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के पश्चात शाम को परिणाम घोषित किए गए, जिसमें मुंगेली विधानसभा क्रमांक-27 से प्रत्याशी पुन्नूलाल मोहले और लोरमी विधानसभा क्रमांक-26 से अरूण साव विजयी घोषित किए गए। शासकीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय चातरखार में मतगणना के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों ने प्रमाण पत्र सौंपा।

# प्रदेश में बदली सत्ताः उपार्जन केंद्रों में धान की आवक होगी तेज

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com



3100 प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करने वाली भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की सत्ता पर आसीन हो रही है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में किसानों के द्वारा धान की बिक्री उत्पादन केदो में की जाएगी। वे विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर रुके हुए थे।

कोरबा जिले में इस बार 69524 हेक्टेयर में किसानों के द्वारा धान की फसल ली गई है। बढ़ोतरी के साथ 62 जगह पर धान का उपार्जन करना सुनिश्चित किया गया है। 50244 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन धान बेचने के लिए किया है। सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत 1 नवंबर 2023 से कोरबा सहित सभी जिलों में धान की खरीदी शुरू कर दी गई है लेकिन चुनाव संबंधी कारणों से चार दिन पहले तक 7056 मेट्रिक टन धान इन केदो में पहुंची है। एक महीना बीतने के बाद धान की यह क्वांटिटी ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह धान के पूर्व घोषित समर्थन मूल्य और बाद में चुनावी घोषणा के अंतर्गत दी जाने वाली राशि को माना जा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न प्रकार के अनाज की खरीदी के लिए अलग-अलग समर्थन मूल्य घोषित किया है जिसमें धान के लिए 2200 रुपए की राशि प्रति कुंतल के लिए फिक्स है। चुनावी सीजन में किसानों के लिए कांग्रेस और भाजपा के द्वारा आकर्षक ऑफर पेश किए गए थे। कांग्रेस ने 3200 का ऑफर दिया था तो भाजपा ने सरकार बनने पर 3100 रुपए की दर पर धान खरीदने की घोषणा की थी। चुनावी सीजन में यह सब हुआ था ऐसे में किस असमंजस में थी कि आखिर बिक्री अभी करें या बाद में। इसी का नतीजा रहा की एक महीने तक खेतों से काटी गई फसल उपार्जन केदो तक नहीं पहुंच सके। 3 दिसंबर को चुनाव के नतीजे सामने आने के साथ भाजपा की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। कोरबा जिले के धान खरीदी केदो से संबंधित कर्मचारी ने संभावना जताई है कि एक-दो दिन में टोकन के साथ-साथ धान आने की रफ्तार बढ़ सकती है। योजना के अनुसार जिन किसानों ने इससे पहले धान का विक्रय कर दिया है वे स्वाभाविक रूप से अंतर की राशि पाने के पात्र होंगे जबकि आगामी तिथि में उपार्जन करने वालों को नई दर से भुगतान होगा। जिले के सभी खरीदी केदो में आवश्यक तैयारी पहले से ही की जा चुकी है। इधर मौसम परिवर्तन और बारिश की संभावना को ध्यान में रखने के साथ नियंत्रण को लेकर जरूरी जतन किए जा रहे हैं।

# दिनदहाड़े नगदी व जेवर की चोरी

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में एक शातिर चोर ने खरमोरा में रहने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रिटायर्ड कर्मी के घर दिनदहाड़े धावा बोल दिया। वह मकान मालिक को घर के भीतर आते देख आहाता फांद भाग निकला, लेकिन बताया जा रहा हैं की चोर अपने साथ नगदी सहित करीब ढाई लाख रुपए कीमती सोने, चांदी के आभूषण ले जाने में भी कामयाब हो गया। पुलिस को निरीक्षण के दौरान घटनास्थल से एक चप्पल मिली हैं। पुलिस डाग स्क्वायड की मदद से उक्त आरोपी की पतासाजी कर रही है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत खरमोरा में आर.पी. साव नामक व्यक्ति निवास करते हैं। वे पीएचई विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह उनका पुत्र ड्यूटी पर चला गया। शाम करीब 4.30 बजे साव भी अपनी पत्नी के साथ बाहर चले गए। वे शाम करीब 6 बजे घर पहुंचे। उन्होंने जैसे ही दरवाजा खोलकर भीतर प्रवेश किया उनके होश उड़ गए। मकान के भीतर सभी दरवाजे खुले हुए थे। उन्हें भीतर से खटपट की आवाज सुनाई दी। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही एक युवक घर से निकलकर भागने लगा। साव ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जब तक बस्तीवासी एकत्रित होते युवक अहाता फांदकर फरार हो चुका था। जब साव ने कमरे में जाकर देखा तो आलमारी खुली थी। आलमारी में रखे 23 हजार रुपए नगदी सहित ढाई लाख रुपए कीमती सोने चांदी के जेवर गायब थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान घर के बाहर एक चप्पल पड़ा मिली। जिसे छोडक़र कथित चोर फरार हुआ था। पूछताछ के दौरान कुछ अन्य लोगों के द्वारा भी लाल रंग के स्वेटर पहनकर पहुंचे एक व्यक्ति को देखे जाने की जानकारी दी। मामले की तह तक जाने पुलिस ने डाग स्क्वायड की भी मदद ली। बहरहाल पुलिस मामले में आरोपी की पतासाजी कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# समिति चला रही नशा मुक्ति अभियान

**कोरबा।** कोरबा अंचल में सर्वमंगला नगर ग्राम समिति नशा मुक्ति अभियान चला रही है। इसके तहत वार्ड में शराब की अवैध बिक्री और सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीने को प्रतिबंधित किया गया हैं। इसी कड़ी में ग्राम समिति को सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा वार्ड में ही अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। इसकी सूचना पाकर ग्राम समिति के सदस्य संबंधित व्यक्तियों के घर पहुंचे और कहा कि अगर आप शराब की अवैध बिक्री करते हैं, तो इसे बंद करें, यह गलत है। इस दौरान ग्राम समिति के साथ पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। बताया गया कि कुछ लोग सरकारी शराब दुकान से शराब खरीद कर लाते हैं और घर में रखकर उसे अवैध रूप से बिक्री करते हैं। समिति ने ऐसे लोगों के घर जाकर उन्हें समझाइश दी हैं। समिति ने कहा है कि होने वाले अवैध काम कार्य को रोका जाएगा।

## वरिष्ठ नेता उमाशंकर भगत के नेतृत्व में निकली विजय जुलूस, लोगों का जताया आभार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न, जमकर हुई आतिशबाजी

पायनियर संवाददाता ⮜ कोतबा
www.dailypioneer.com






रविवार को मतगणना के बाद तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। इसके पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने एकदूसरे को मिठाई खिलाकर एवं रंग गुलाल लगाकर जश्न मनाया। विजय जुलूस यात्रा भाजपा कार्यालय से कारगिल चौक, हाईस्कूल होते हुए बैगाबहार सरईपारा, फिटिंगपारा से निकल कर परशुराम चौक होते हुए बस स्टैंड से भाजपा कार्यालय वापस पहुंचा। इस दौरान लोगों का भाजपा नेताओं ने आभार जताया। इस मौके पर नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, अमित साह जिन्दाबाद एवं गोमती साय जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इसमें भारी संख्या में क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाटोली, घोघरा,बनगांव, खजरीढाप, रोकबहार, पतराटोली, सुरंगपानी, बुलडेगा, राजाआमा सहित कई ग्रामों से भाजपा के वरिष्ठ नेता व युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता उमाशंकर भगत के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ता डीजे साउंड सिस्टम के धुन 'जय श्रीराम, जयश्री राम, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे', भारत माता की जयघोष' के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस में नाचते रहे। इस अवसर पर उमाशंकर भगत ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की जीत इस बात को स्पष्ट करती है कि जनता विकास करने वालों को पसंद करती है। न सिर्फवादा करने वालों को। भाजपा सिर्फ विकास की बात करती है और जो कहती है वह करती है जिसका प्रमाण तीन राज्यों में हुए चुनाव में जनता ने भाजपा को जीताकर दिया है। इस अवसर पर साँवरिया अग्रवाल, विजय शर्मा, श्याम साहू, रोहित साहू, प्रेम बंजारा, छोटेलाल साहू, कन्हाई राम यादव, पीताम्बर पैंकरा, सन्तोष साहू, अजय गुप्ता, प्रकाश साहू, गौरव गुप्ता उपस्थित रहे।

### आगामी लोकसभा चुनाव की जीत भी तय

भाजपा मंडल अध्यक्ष सांवरिया अग्रवाल ने कहा कि तीन राज्यों में अपार जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर जीत की जश्न मनाए। आगे उन्होंने कहा कि अब राज तिलक की करो तैयारी आ रहें हैं भगवाधारी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व की इस सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद लोकसभा चुनाव जीत के रास्ते भी क्लियर हो गये हैं। उन्होंने सभी को ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए आभार जताया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403